शाश्वत धर्म

जुलाई १९९२

प्रधान संपादक

जे. के. संघवी

- शाश्वत धर्म के संरक्षक -

* शा. ओटमल वेलाजी कांकरिया - सुरा निवासी , * शा. ताराचंद फुटरमल फौजमल, भानाजी वेदमुथा-आहोर निवासी, * कटारिया संघवी भंवरलाल, उगमचंद, विरेन्द्रकुमार राजेन्द्रकुमार बेटा पोता तोलाजी धाणसा निवासी, * शा. तिलोकचंद, नरसींगमल, पुखराज, परखचंद, सांवलचंद, बेटा पोता प्रतापचंदजी - सरत निवासी, * संघवी मिश्रीमल, हस्तीमल, समरथमल, हिरालाल शांतिलाल जिनेशकुमार, बेटा पोता कन्नाजी कटारिया-जाखल निवासी. * नैनावा श्री जैन श्वेतांबर सकल संघ, गुरूभक्तगण-नैनावा, * श्री समकित गच्छीय जैन श्वेतांबर संघ-धानेरा, स्व. मयाचंद धुलाजी की स्मृति में धर्मपत्नी धापुबाई, सुपूत्र कुशलराज, भ्राता निहालचंद एवं श्रीमती जडावबेन कातरेला वोहरा आहोर निवासी, * मेहता तेजराज, जयंतीलाल, राजेन्द्रकुमार, अरविंदकुमार, बेटा पोता रायचंदजी जसराजजी भूती निवासी, * मोरखीया चंदुलाल, बाबुलाल, रसिकलाल मेहशकुमार, परेशकुमार, अल्पेशकुमार, रुपेशकुमार, पुत्रपौत्र स्व. मोरखीया नानचंद मूलचंद भाई-थराद निवासी, * स्व. मुणोत रिखबचंदजी की स्मृति में धर्मपत्नी ठेलीबाई सुपुत्र बाबुलाल, सुमेरमल, अशोककुमार - रमणिया निवासी,

* श्री राजेन्द्रसूरि जैन ट्रस्ट - मद्रास, * स्व. रामाणी शेषमलजी की स्मृति में मांगीलाल, फुटरमल, शांतीलाल, किशोरकुमार, बेटा पोता खुशालजी रामाणी-गुडा बालोतान (फर्म. शांतिलाल ज्वेलर्स, नेल्लोर) * शा. मोहनलाल, पारसमल, सुरेशकुमार, किशोरकुमार, कमलेशकुमार, अरविंदकुमार, बेटा पोता सांकलचंद जेरूपजी - भेंसवाड़ा निवासी (गोल्डन ज्वेलरी, नेल्लोर), * स्व. सुगीबाई धर्मपत्नी अचलजी की स्मृर्ति में पुत्र कांतिलाल प्रपौत्र रमेशकुमार बागरा निवासी, * श्री श्वेताम्बर जैन संघ - सियाणा, * श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ - थराद * श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ - चौराऊ, * दोशी सोमतमल, गुमानमल, सुखराज सांवलजी ह. गुमानमल सावलचंदजी चेरिटेबल ट्रस्ट, बम्बई , सुशीला बहन की स्मृति में भीमराज, हिमांशकुमार, श्रेणिककुमार बेटापोता बेचरदासजी छाजेड़ - नैनावा निवासी हाल मु. सांचोर (राज), * श्री गोड़ी पार्श्वनाथ जैन देरासर पेढी - सोनारी सेरी - थराद, प्रतिष्ठा प्रसंगे गुरूभक्तों द्वारा. * स्व. जेठमलजी खुमाजी की स्मृति में चंदनमल, कैलाशचन्द, हंसराज, शीतलकुमार, अश्विनकुमार परिवार बागरा निवासी, फर्म : राजस्थान फायनेन्स कार्पोरेशन - काकीनाडा, * श्री विमलनाथ जैन डोसी दहेरासर - थराद.

शाश्वत धर्म

धर्म की विविधा में शाश्वतता का प्रवर्तक हिन्दी मासिक

संस्थापक व्या. वा. आचार्यदेवश्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी

प्रधान सम्पादक : जे. के. संघवी

सहसम्पादक : शांतिलाल सुराना

आ. श्री कैलाससागर सूरि ज्ञान मंदिर
श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र, कोबा

सदस्यता शुल्क
बीस वर्षीय-पांचसौ रुपये
दस वर्षीय-तीन सौ रुपये
तीन वर्षीय- एक सौ रुपये

विज्ञापन शुल्क (एक बार)
पूरा पृष्ठ - पांच सौ रुपये
आधा पृष्ठ - तीन सौ रुपये
पाव पृष्ठ - दो सौ रुपये
अंतिम कवर पृष्ठ - एक हजार रुपये
कवर पृष्ठ २ या ३ - सात सौ रुपये

सम्पर्क सूत्र

कार्यालय ✆ ५३४ ०७ २४ निवास ✆ ५३४ ८० ७३

शाश्वत धर्म कार्यालय

डेवलेपमेन्ट बैंक के पास, जामली नाका-थाने-४०० ६०१ (महाराष्ट्र)

वर्ष : ४० ★ अंक २ ★ जुलाई १९९२

अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद द्वारा संचालित

अवैतनिक सम्पादन : अव्यवसायिक प्रकाशन

झरोखा

- सम्पादकीय ..... जे. के. संघवी ३
- शीलत्व की सौरभ ..... आचार्य श्री जयंतसेनसूरिजी म. सा. ५
- श्री शांति जिन स्तवन (१६) .. मुनि श्री जयानन्द विजयजी म. ११
- आचारांग की सूक्तियाँ ..... श्री पुखराज भंडारी १५
- आओ ! सूरज से कुछ प्रेरणा लें ! .. मुनिश्री रत्नसेनविजयजी म. १८
- प्रतिमा स्वरुप ..... मुनिश्री प्रशान्तरत्नविजयजी म. २७
- मानवीय शिक्षा क्यों और कैसे ..... श्री पन्नालाल मुंधड़ा ३९
- समाचार दर्शन ..... संकलित ४१

स्थाई स्तम्भ

- काव्यसुधा ..... मुनिश्री तरूणसागरजी/मुनिश्री विमलसागरजी १०
- क्या आप जानते हैं ? ..... धर्ममित्र १३
- ज्ञान कसौटी (१६) ..... श्री महेन्द्र जे. संघवी २१
- स्वास्थ्य चर्चा ..... श्री मुकेश कुमार २३
- सरे राह चलते चलते ..... मुसाफिर २५
- शब्दसागर इनामी स्पर्धा (१२) . साध्वीश्री प्रियसुदर्शनाश्रीजी म. ३१
- प्रेरक कथा (समर्पण) ..... श्री नैनमल सुराणा ३४
- रुकिये ! पढ़िये !! और सोचिये !!! ..... प्रवासी ३७

गुजराती विभाग

- अधुरुं मन्दिर ..... श्री पूर्णचंद्रविजयजी गणिवर्य ४९
- दया अने करूणा नी मुर्ति समा शेठाणी ..... पं. श्री पूर्णानंदविजयजी म. 'कुमार श्रमण' ५४

लेखक के विचारों से सम्पादक अथवा परिषद की सहमति आवश्यक नहीं है।

सम्पादकीय

पारिवारिक कलह निवारण हेतु समाज के मुखिया, संस्थाओं के कर्णधार ध्यान दें!

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से सहयोग प्राप्त किये बिना उसके जीवनयापन की कल्पना कठिन है। समाज भी व्यक्तियों के समूह से बनता है, इस प्रकार व्यक्ति एवं समाज एक दूसरे के पूरक हैं। यदि व्यक्ति संस्कारित होगा तो समाज आदर्श होगा। यदि व्यक्तियों में विकृतियाँ, दोष होंगे तो समाज में घुलकर उसे बदनाम तो करेंगे ही किन्तु प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में समाज के व्यक्तियों पर ही उसका असर पडेगा।

आये दिन समाचार पत्रों में या व्यवहारिक जीवन में वैवाहिक जीवन सम्बन्धी विविध घटनायें पढ़ने या सुनने को मिलती है, जिनमें विशेषकर दहेज के नाम पर महिलाओं की बलि की बात होती है। जिन परिवारों में यह घटनायें घटती हैं, उनकी परेशानियाँ वे ही जानते हैं किन्तु इन सारी घटनाओं के पिछें मात्र दहेज का कारण न होकर वास्तविकतायें और भी हो सकती है।

महिलायें अपने जिद्दी स्वभाव के कारण अपने पति या ससुरालवालों के साथ सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाती है। छोटी–छोटी बातों के लिए जिद्द भी एक दिन घर में तूफान का कारण बनती है। कभी पति पर एकाधिकार व्यक्त करती हुयी वह चाहती है कि उसकी हर इच्छा पूरी हो। शुरू में उसकी इच्छा पूरी कर दी जाती है, लेकिन एक समय ऐसा आता है कि पति उसकी इच्छा पूरी करने में सक्षम नहीं होता। वह यह नहीं सोचती कि पति की भी मजबूरियाँ हैं। आखिरकार कोई विकल्प न होने से पति पत्नी की परवाह करना छोड़ देता है और स्थिति कलह में पहुंच जाती है। तनाव पारस्परिक घृणा और क्रूरता से तंग आकर कभी–कभी एक पक्ष अपने जीवन को भी समाप्त कर देता है।

कभी पति द्वारा अपनी पत्नी की उपेक्षा एवं उसकी गतिविधियों पर ध्यान न देना पत्नी को अपमानजनक लगता है। वह खुद को उपेक्षित एवं परित्यक्त महसूस करते हुए जीवन को अनुपयोगी समझकर नासमझी से ससुरालवालों को नीचा दिखलाने या समाज की सहानुभूति प्राप्त करने के लिए एक साधन रूप जीवन का अन्त कर देती है, जबकि पति व ससुरालवालों पर दोषारोपण किया जाता है कि 'बेचारी बहु को मार डाला।'

यह भी संभव है कि बहु कभी छोटे परिवारवाले घर से आयी हो और ससुराल में बडा परिवार उसे रास नहीं आता। क्यों कि वहाँ कई पीढ़ी के लोग साथ रहते हों तो उनके साथ कई तरह से समझौता कर घर गृहस्थी चलानी पड़ती है। वह सोचती है कि मायके में मेरी हर जिद मां–बाप पूरी करते थे, यहाँ भी वह आझादी मिले। लेकिन भारतीय परिवार में यह संभव नहीं। कभी ससुराल में उसके देवर या ननद उसके कोई सामान का एक दिन उपयोग कर ले या छुए तो भी वह बिगड़ जाती है। पति अपने माता–पिता, चाचा–चाची, भाई–बहन से प्यार करता

है तो वह भी उसे अच्छा नहीं लगता। ऐसी बहुएं समझती है कि पति सिर्फ उनके लिये ही है। वह यह नहीं सोच पाती कि किसी अन्य सदस्य के प्रति भी उसके कुछ कर्त्तव्य हैं। उसे मात्र स्वयं से मतलब होता है दूसरों से नहीं। पति के समझाने पर उसे लगता है जैसे मेरा कोई महत्व ही नहीं है। 'या तो घर में मैं रहूंगी या फिर...'। 'अगर मुझसे प्यार है तो अलग घर क्यों नहीं ले लेते।' इस प्रकार शुरू हो जाता है पति–पत्नी के बीच मतभेद।

संपन्न परिवारों से आयी बहुओं द्वारा आत्महत्याऐं किये जाने की घटनायें भी बढ रही है। वह किसी भी बात में मायके के नियम–कायदे और वहाँ की सम्पत्ति की चर्चा जोड़ देती है। यदि वहाँ से ज्यादा दहेज लायी है तो पति या ससुरालवालों के प्रति कड़ा व्यवहार करते हुए बातबात में ताने भी मारने लगती है। अगर किसी सदस्य ने किसी सामान को छू भी दिया तो बिना झिझक कहेगी कि खराब हो जायेगा। कभी किसी सामान की कोई टूट फूट या नुकसान हो जाय तो यह कहने में भी संकोच नहीं करती कि मुफ्त का माल है, इसीलिए तो कदर नहीं करते। यदि अपनी कमाई का खरीदा होता तो समझ में आता। रोजाना की यह टीका–टिप्पणी पति के लिये असह्य होती है और वह भी विद्रोह कर उसी तर्ज में पत्नी को जवाब देने लगता है। नतीजन तनाव घटने के बजाय बढता है और अनहोनी घटना बनती है।

इस प्रकार विवाह के पश्चात् अप्रिय घटनाओं के पिछे कई प्रकार के कारण हो सकते हैं। धन के आधार पर, अनमेल विवाह के कारण, सासु–बहू का मनमुटाव होकर विवाह के कुछ दिन बाद अलग रहने की भावना, ससुराल के स्थान पर अपने मायके (पीहर) की ओर ज्यादा झुकाव, गृहकार्य में रूचि न होना, परस्पर वात्सल्य का अभाव आदि कई कारणों से ये घटनायें होती है। कभी ससुरालवाले दहेज के लिए बहु को मानसिक रूपसे प्रताडित करते है। कारण कुछ भी हो लेकिन यह सत्य है कि इन घटनाओं से जहाँ उससे सम्बन्धित परिवार परेशान होते हैं वहीं स्वस्थ समाज के लिए यह चिन्ता का विषय जरूर है। लड़के वालों द्वारा लड़की वालों पर या लड़की वालों द्वारा लड़के वालों पर सच्चे–झूठे या मनघड़ंत आरोपों के लगाने, अथवा दहेज की मांग का दोष लगाकर सरकार का सहयोग प्राप्त करने का प्रयास कर एक दूसरे को नीचा दिखाने या न्यायालयों में केस चलाने से इसका हल नहीं होगा।

यह अत्यन्त महत्व पूर्ण प्रश्न है और इन घटनाओं से समाज कलंकित हो रहा है। समाज के मुखिया, कर्णधार आदि इन अत्याचारों को देख रहे हैं। वे चुप हैं, चिन्ता का विषय है किन्तु कर कुछ नहीं रहे हैं। आम लोगों की यह प्रवृत्ति रहती है कि सही बात कहकर हम क्यों बुरे बने? अगला व्यक्ति अपनी जिद्द छोड़कर नहीं मानने की तैयारीवाला हो तो सामान्यतः लोग उसकी हाँ में हाँ मिलाते हैं, उसके सामने असलियत कहने की हिम्मत नहीं करते, जिससे उसका बल और बढता है। फलतः समस्या सुलझने के बजाय और उलझती है।

समाज के मुखिया व कर्णधार अपनी नेक जिम्मेदारी समझकर ऐसी घटनाओं की तह में जाकर असलियत का पता लगायें एवं निर्दोषों को ईमानदारी से साथ देकर योग्य समाधान का प्रयास करें तो काफी मामले आसानी से सुलझ/सिमट सकते हैं। यह आज समय का तकाजा है।

D. K. Sanghvi

(जे. के. संघवी)

ऐतिहासिक कथा

शील की सौरभ

गंताक से आगे

—आचार्य श्री जयन्तसेनसूरिजी

आ.श्री कैलाससागरसूरि ज्ञान मंदिर
श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र, कोबा

शील की जितनी प्रशंसा की जाये, उतनी कम है। विजया ! शीलव्रत को धारण कर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाओ, यही तुम्हें मेरा धर्मबोध है।

हम अपने आचार के अनुसार कहीं स्थायी निवास नहीं कर सकती , अतः हम यहाँ और अधिक रहने में असमर्थ है, मुझे विहार करना ही पड़ेगा। तुम धर्म ध्यान में रहना और मेरी बातों को ध्यान में रखना।

मेरी मानो तो तुम शुक्ल पक्ष में ब्रह्मचर्य पालन का जीवन भर के लिए नियम ले लो और पच्चक्खाण ग्रहण करो। यही मेरे प्रति तुम्हारा सच्चा प्रेम होगा, सच्ची श्रद्धा होगी। परमात्मा तुम्हें शीलपालन की शक्ति प्रदान करें।

और विजया ने दृढ संकल्प पूर्वक शुक्ल पक्ष में आजीवन ब्रह्मचर्य पालन का नियम ले लिया। गुरुणीजी ने व्रतोच्चारण करवाके, पच्चक्खाण दिया और वे अन्यत्र विहार कर गयीं।

विजय के पिता सेठ अर्हद्दास सुशील कन्या की खोज में थे। एक बार जब वे मन्दिर से घर लौट रहे थे; तब अचानक उन्हें विजया दिखाई दी । पूजा के वेष में वह एक सती साध्वी सी लग रही थी। वह प्रभु पूजन के लिए मंदिर जा रही थी। सेठ अर्हद्दास उसे देखकर कुछ विचार मग्न हो गये। उन्हें लगा कि यह कन्या विजय के जीवन में अवश्य ही बहार ला देगी।

अब सेठ अर्हद्दास आगे की कार्यवाही में लगे।उन्होंने सेठ धनावह से विजय के लिए विजया की माँग की। धनावह सेठ को यह रिश्ता मंजुर हो गया। शुभदिन शुभमुहूर्त में विजय - विजया का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। उनके माता-पिता को कहाँ मालूम था कि गृहस्थ जीवन में जुड़े जीव संयम मार्ग के पथिक हैं। उनका काम अकाम है, उनका श्रृंगार वास्तव में सादगी है, और उनका स्नेह वैराग्य है; यह कोई नहीं जानता था।

नवेली दुल्हन विजया सोलह श्रृंगारों का बोझ स्वयं पर लाद कर पिया मिलन के लिए चली। आसमान में टिमटिमाते तारे आँखें फाड़-फाड़ कर उस दृश्य को निहारने लगे।

सजे सजाये चित्रमन्दिर में विजया ने गजगति से प्रवेश किया। वहाँ पलंग पर पियु अपनी प्रिया का इन्तजार कर रहा था।विजय ने पलक पाँवड़े बिछा कर विजया का स्वागत किया।

ज्योंही विजया पास आई, विजय उसे झरोखे के पास ले गया। दोनों आसमान के तारे निहारने लगे। कृष्णपक्ष की बारहवीं रात्रि थी। आसमान में चाँद कहीं नजर नहीं आ रहा था।

विजय बोला — देखो विजया! अभी तक आसमान में चाँद नजर नहीं आ रहा है। कुछ समय बाद उसका उदय होगा; उस समय तुम देखना, वह कितना क्षीण काय

है।प्रातःकाल के समय तो वह बिलकुल फीका नजर आयेगा। रात्रि का अवसान चाँद की मृत्यु का द्योतक है।

चाँद रात में चमकता है; दिन में फीका पड़ जाता है; तो कमलिनी दिन में खिलती है और रात में मुरझा जाती है। मनुष्य के जीवन को देखो। वह भी इसी प्रकार का है। संयोग एक दिन वियोग में बदल जाता है। बचपन सदा नहीं रहता। जवानी बचपन को हजम कर जाती है और बुढापा जवानी को। आज की जवानी कल का बुढ़ापा है। शुक्लेन्दु दिन-दिन वृध्दिंगत होता है।पूनम के दिन सोलह कलाओं से शोभायमान होता है; पर कृष्णपक्ष में वही पूनमचंद अपना क्षयी नाम सार्थक करता है। अमावस्या की रात उसका कोई अस्तित्व ही दिखाई नहीं देता। यह जीवन भी एक दिन काल का ग्रास बनकर इसी प्रकार अस्तित्वहीन हो जाता है। जीवन में जितने भोग हैं, उतने ही रोग हैं।

ऐसा होते हुए भी हम अपने जीवन को चिरस्थायी बना सकते हैं। क्यों न हमारा मिलन भी ऐसा हो जाये, जिसमें न तुम मर सको और न मैं भी। हम कुछ ऐसा करें, जिससे हमारा यह मिलन सदा के लिए स्थायी बन जाये । न तुम्हें बुढ़ापा देखना पड़े और न मुझे भी बूढा होना पड़े। हम दोनों अपने सनातन रूप को प्राप्त कर लें। न तुम्हें संसार भोग के विषधर डसे और न मैं उनके पाश में बंधूँ। बोलो, क्या तुम ऐसा उपाय चाहती हो?

विजया अपने प्रियतम की सब बातें उस मिलन बेला में भी बड़े ध्यान से सुन रही थी। वह स्वयं समझदार थी। उसने देखा कि अपने प्रियतम की आँखों में वासना के स्थान पर शुध्द शील की जगमगाहट है। वह और भी सुनना चाहती थी, अतः अनभिज्ञता प्रकट करते हुए बोली — "नाथ! मैं आपकी ये रहस्यवाणी ठीक से समझ नहीं सकी हुँ। कृपया आप सब कुछ पुनः एक बार विस्तार से समझाइये।"

विजय की वाग्गंगा प्रवाहित हुई। वह बोला — तीर्थंकर परमात्मा जिस ज्ञान गंगा को प्रवाहित करते हैं, उसी ज्ञान जल का मैं तुम्हें आचमन करा रहा हूँ। तीर्थंकर और चक्रवर्ती भी जब अपने समस्त राजवैभव का त्याग कर संयम मार्ग ग्रहण कर लेते हैं; तब हम उस मार्ग से वंचित क्यों रहें? तीन काल में और तीन लोक में मुक्ति का मार्ग तो एक ही है और वह है सर्व संग परित्याग । सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र इनकी एकरूपता ही मोक्ष मार्ग है। हम भी क्यों न इस रत्नत्रयीयुक्त संयम मार्ग को अपना लें?

मैंने सद्गुरू योग की प्राप्ति के पश्चात् भोगविलास को तिलांजलि देकर उनसे चतुर्थ अणुव्रत ग्रहण किया है। इस व्रत के अन्तर्गत मैंने कृष्ण पक्ष में सम्पूर्ण ब्रह्मचर्य पालन का व्रत ले रखा है। आज कृष्ण पक्ष की तेरहवीं रात है। आज हमारे मधुर मिलन का योग भी है। मैं तुम्हें कैसे सान्त्वना दूँ कि मैंने तुमसे विवाह कर तुम्हारे साथ अन्याय किया है। यदि तुम तीन दिन तक और प्रतीक्षा करो और मुझे क्षमा कर दो, मेरा मन काफी हलका हो जायेगा । तीन दिन के पश्चात् मैं पूरी तरह तुम्हारे प्रति समर्पित हूँ।

मैं अपने कर्म कल्मष को धोना चाहता हूँ। तुम्बी पर रही हुई मिट्टी पानी का स्पर्श पाते ही दूर हो जाती है; उसी प्रकार आत्मा का कर्म मैल भी शीलपालन से और व्रतपालन से दूर हो जाता है। मैंने स्वंय की आत्मा को विशुध्द करने के लिए कर्म मैल को ब्रह्मचर्य व्रत रूपी जल से धोने का निश्चय कर रखा है। कृष्ण पक्ष में मैं कभी भी तुम्हारे लिए उपयुक्त

नहीं बन संकूगा, कृपया मुझे क्षमा कर दो।

आज त्रयोदशी है। अमावस्या को कितने दिन शेष है। सिर्फ तीन दिन ही तो शेष हैं; तब तक के लिए तुम धैर्य धारण कर लो । यह समय देखते ही देखते बीत जायेगा और मेरे व्रत की भी रक्षा हो जायेगी।

विजय की बात पूरी हुई। उसके कारण आगन्तुक नवोढा की मेहन्दी की लाली,उसका श्रृंगार, उसके मन की आशाएँ सब पर उदासी छा गयी।जैसे एक साथ सब कमलिनियाँ मुरझा गयी हों, मरालिणी हंस को खो बैठी हो या कुमुदिनी पूनम की जगह अमावस्या को पाकर म्लान हो गयी हो; वैसे ही विजया का प्रसन्न मुख मण्डल एक दम मुरझा कर रह गया।उसका चेहरा उतर गया। किसी अज्ञात कालिमा से उसका मुख श्यामल दिखाई देने लगा । मुस्कराहट की जगह चेहरे पर गंभीरता छा गयी। उसके हृदय की गति कुछ तेज हो गयी। न जाने क्या अप्रत्याशित घटना घटने वाली है; इस आशंका से उसका मन शंकित हो गया। उसका गला कुछ रूँध-सा गया।

किन्तु विजया इसलिए उदास नहीं थी कि प्रिय ने व्रत धारण किया हुआ है। उसे चिन्ता थी कि अब अपने व्रत का क्या होगा।शुक्ल पक्ष में ब्रह्मचर्य पालन का उसका व्रत जो था। वैसे स्व-पर के भेदज्ञान के कारण ज्ञानवान लोग तृष्णाओं के क्षय होने पर उदास नहीं होते; अपितु पूर्णानन्दी होते हुए वे अधिक विकासमान होते हैं। उनकी आत्मा में दीनता नहीं प्रसन्नता होती है। कहा भी है—

जागर्ति ज्ञानदृष्टिर्चेत् पूर्णानन्दस्य तत्किं स्याद्दैन्य वृश्चिक वेदना।

विजय की सब बाते विजया ने ध्यानपूर्वक सुनी। फिर उसने कहा — "कृष्ण पक्ष में शील पालन का व्रत लेकर आपने अपने जीवन को धन्य बनाया है, उसी प्रकार मैं भी शुक्ल पक्ष में शीलपालन का व्रत पहले से ग्रहण कर चुकी हूँ। अत: मैं आपकी पत्नी होते हुए भी शुक्ल पक्ष में भी मैं आपके काम की नहीं हूँ। आप मेरी मज़बूरी समझिये और मुझे क्षमा किजिये। आप अन्य विवाह करके अपने जीवन को सुखमय बनाइये। और मुझे संयम मार्ग का पूर्ण रूप से वरण कर अपने जीवन को धन्य बनाने का अवसर प्रदान कीजिये। आपकी शुभकामना मेरा संबल होगी। नाथ! नाथ! कृपया मुझे क्षमा करें।"

किसी को मनचाहा मिलने पर जो प्रसन्नता होती हैं वही प्रसन्नता विजय को विजया की बातें सुनकर हुई। विजय के मुखमंडल पर सन्तोष और प्रसन्नता की एक अलौकिक आभा छा गयी। वह बोला — "प्रिये! हम कितने भाग्यशाली है! एक मार्ग के पथिक संयोग से एक ही नाव में बैठ गये हैं। अब हमारी यह यात्रा अवश्य ही हमें विजय प्राप्त करायेगी। हाथ में आया चिन्तामणि रत्न अब न तो तुम्हें ही छोड़ देना है और न मुझे ही। हम दोनों ही अपने रत्न को सम्हाल कर रखेंगे। भोग सुख तो अनित्य है और आत्मसुख नित्य। ऐसा कौन मूर्ख होगा, जो नित्य को छोड़ कर अनित्य की ओर हाथ फैलायेगा। कहा भी है—

भोगसुखैः किमन्यैः, भयबहुलैः काङ्क्षितैः परायत्तैः।
नित्यमभयमात्मस्थं, प्रशम सुखं तत्र यति तव्यं।। १।।

यावत्स्व विषय लिप्तो, रक्ष समूहस्य चेष्ट्यते तुष्टौ।
तावत्तस्यैव जये वरतरमशठं कृतो यत्नः ।। २ ।।

भोग सुख अनित्य तो हैं ही, पर भय से भी भरे हुए हैं। ये आसक्तिपूर्वक भोगे जाते हैं, पराधीन हैं। ऐसे अनेक दोषों से परिपूर्ण भोग सुखों की क्या आवश्यकता है? आवश्यकता है प्रशम सुख की, जो अविनाशी, निर्भय तथा स्वाधीन भी है।

ये इन्द्रियाँ इतनी विषय लंपट हैं कि इनकी माँग शराबी की शराब के समान कभी पूरी होती ही नहीं। अतः इनका दमन करना ही इन्हें जीतने का सही उपाय है। इस ओर तुम्हारा भी प्रयत्न है, और मेरा भी। अतः अब मैं पुनः विवाह क्यों करूँ। मुझे इससे लाभ तो कुछ भी नहीं है, पर हानि की संभावना ही अधिक है।

तुम्हारे समान चारित्रवान पत्नी की मुझे प्राप्ति हुई है। अब मैं पारस छोड़ पत्थर के पीछे क्यों लगूँ? दूसरा विवाह करने की मेरी कोई इच्छा नहीं है।

ज्ञान के मानसरोवर में विहार करनेवाले मरालयुगल हम अब कहाँ किसी सरोवर में विहार करें। हमारे लिए अब यह उचित नहीं है। कहा भी है—

मज्जत्यज्ञः किलाज्ञाने विष्ठायामिव शूकरः।
ज्ञानी निमज्जति ज्ञाने मराल इव मानसे।।

भोगी जीव ही शूकर के समान विषयविष्ठा का उपभोग लेते है। ऐसे अज्ञ जीव सचमुच अज्ञान में ही आकंठ डुबे हुए रहते हैं; पर ज्ञानी ज्ञान सागर में गोते लगाता है; वैसे ही जैसे राजहंस मानसरोवर में। वह अन्त में मोक्ष सुख की शाश्वत लब्धि प्राप्त करता है। अतः अब तुम भोग का मोह ज़रा भी मत रखो।

परमात्मा ने हम दोनों का मार्ग पहले से ही प्रशस्त कर रखा है। अतः अब हम दोनों अपने-अपने नियम में ही दृढ रहें; यही हमारे लिए उचित है। कहा भी है —

निरन्तरं विचारो यः, श्रुतार्थस्य गुरोर्मुखात्।
तन्निदिध्यासनं प्रोक्तं, तच्चैकाग्रेण लभ्यते।।

गुरूमुख से जो भी श्रुतार्थ प्राप्त हो; उसका निरन्तर चिन्तन, मनन और निदिध्यासन करना चाहिये। अतः अब हम दोनों गुरूप्रदत्त व्रत का निश्चलता से पालन करें तथा साथ साथ ही संयम ग्रहण कर इस संसार समुद्र से पार हो जायें। पर अभी नहीं। इसके लिए अभी कुछ समय बाकी है।"

विजय के इन उदात्त विचारों से विजया बहुत प्रभावित हुई। वह बोली — "प्राणनाथ"! आप सचमुच मेरे परम उपकारी हैं। रथ वही गतिमान होता है; जिसके दोनों पहिये समान हों और अश्व भी एक समान हों। समान अश्व एक दूसरे की कमजोरी में स्वयं संबल बन जाते हैं। यदि एक निर्बल भी हो जाये; तो दूसरा उसे सहारा दे कर सबल बना देता है।

आप कहते हैं कि संयम ग्रहण में अभी देर है; पर प्राणनाथ ! आग के पास घी का घड़ा कब तक सम्हाले फिरोगे? यह संसार बड़ा विचित्र है। इससे नित नूतन घटनाओं से जीव आकुल व्याकुल होता रहता है। यह मन का घोड़ा बड़ी मुश्किल से काबू में आता है।

पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक, तप-मोक्ष; इन सब में मन ही प्रधान रूप से कारण रहता है। अतः इसे वश में करने के लिए लंबी प्रतीक्षा करना माल को चौराहे पर रखकर घोड़े बेचकर सोने जैसा है।

यह मन बहुरंगी है, बहुढंगी है। बाह्याभ्यन्तर इच्छाओं के वशीभूत हो कर यह मन न जाने कब बिगड़ जाये और संसार में धकेल दे। अतः आत्म तत्व को सम्यक् जान कर संसार त्याग में शीघ्रता करना ही हमारे लिए श्रेयस्कर है। क्योंकि ' श्रेयांसि बहुविघ्नानि' कल्याण के मार्ग बाधाऐं अनेक आती हैं।अतः सर्व विरति चारित्र के लिए हमें शीघ्र उद्यमवान होना चाहिये। बाद में दीक्षा लेने का विचार छोड़ देना चाहिये। कल किसने देखा है ? कल का क्या भरोसा ?'आज' हमारे पास है। इसकी हत्या होने से पहले इसका उपयोग कर लो; क्योंकि आनेवाला कल इसकी हत्या करनेवाला है। वह इसका हत्यारा है। अतः ज्ञानगर्भित वैराग्य रखते हुए हमें शीघ्रातिशीघ्र संयम ग्रहण कर लेना चाहिये। कहा भी है —

एतत्तत्व परिज्ञानान्नियमेनोपजायते।
यतोऽतः साधनं सिध्देरेतदेवोदितं जिनैः ।।

यह वैराग्य ही सिध्दि का परम साधन है,ऐसा जिनेश्वर भगवन्तों का कथन है।''

भव्य जनो। जरा आत्मविश्लेषण तो कर देखो । जो प्रेमीयुगल सुखी विवाहित जीवन जीने के लिए निकला था; वह अपने अरमान और अपनी आकांक्षाओं का बलिदान कर संयम मार्ग का निर्णय कर बैठा।धन्य है, इसकी आत्मविजय।

उनके इस निर्णय का पूर्व जन्म के कर्मोदय के साथ-साथ दृढ़ इच्छाशक्ति भी एक कारण है। जब मनुष्य श्रेष्ठ साध्य के लिए संकल्प कर बैठता है; तो सफलता उसके चरण चूमने लगती है। उसके मार्ग की बाधाएँ अपने आप दूर हो जाती हैं और विरोधी उसके सहयोगी हो जाते है। यदि संकल्प दृढ़ हो, तो सफलता प्राप्त होती ही है।

इस प्रेमी युगल ने किसी को अपने व्रत नियम की खबर तक नहीं पड़ने दी। संसार में रह कर भी वह त्यागी बना रहा। धन्य है इसे।

नहीं तो संसार में सड़ते हुए, भोग रोग से आक्रान्त होते हुए तथा नानाविध पीड़ाओं से ग्रस्त होते हुए भी लोग योग तथा शीलपालन के लिए तैयार नहीं होते। बड़ा कठिन काम है यह।लोहे के चने चबाना या असिधार पर चलना सहज है; पर शील धारण कर उसका निर्वाह करना कठिन है। संसार रसिक युगल के दरवाजे यदि कोई साधु भुल से शीलव्रत देने चला जाये; तो साधु घर में और भव्य बाहर या भव्य घर में और साधु बाहर , ऐसी दोनों की आँख-मिचौली चलने लगती है। जब वह साधु अन्यत्र विहार कर जाता है; तब कहीं उस गृहस्थ को शान्ति प्राप्त होती है।सोचता है..... 'चलो, जान बची लाखों पाये। 'साधु मुनिराज उसकी अज्ञानता पर तरस खाते हुऐ, उसे दयनीय समझकर उसे छोड़ जाते हैं।

(शेष अगले अंक में)

कविता

जरा प्रेम की गंगा में नहाने दो मुझे

किसी रुठी हुई किस्मत को मनाने दो मुझे।
किसी दिल-देहरी पर दीप जलाने दो मुझे।
घृणा की गन्दी नालियों में खूब जी लिए,
जरा अब प्रेम- की गंगा में नहाने दो मुझे।

किसी रोते हुए इन्सां को हंसाने दो मुझे।
किसी के सोते भाग्य को भी जगाने दो मुझे।
जीते हैं जो जीवन को एक बोझ समझकर,
उन्हें जीने- की- कला भी तो सिखाने दो मुझे

किसी दुखिया के लिए सेज सजाने दो मुझे।
किसी के गीले नयन पौंछने जाने दो मुझे।
फूलों के संग बहुत रास रचा देख चुके हम,
आज शूलों से भी तो हाथ मिलाने दो मुझे।

किसी गमगीन को बीन सुनाने दो मुझे।
किसी मदहोश को होश में लाने दो मुझे।
जीते हैं जो गैरो का जीवन उजाड़ कर,
"जिओ-व जीने दो" का पाठ पढ़ाने दो मुझे।

किसी भटके हुए को राह दिखाने दो मुझे।
किसी कैदी को कैद से मुक्त कराने दो मुझे।
पूजा है अब तक प्रस्तरो को देव मानकर,
आज किसी दीन की पूजा भी रचाने दो मुझे।

मुनि श्री तरुण सागरजी

पथ के प्रदीप

अनेक लोग इस भ्रम में जीते हैं
कि वे बहुत बोलकर
सामने वाले को प्रभावित कर रहे हैं
दरअसल, बहुत बोलने वाले
प्रभावहीन लगते हैं
और जो कम बोलते है,
वे औरों को आसानी से
प्रभावित कर जाते है
ज्यादा बोलना महत्त्वहीनता है
कम बोलना प्रभाविकता है
अधिक बोलकर व्यक्ति अपनी
कमजोरी और आत्मविश्वास का
अभाव बतलाता है
कम बोलने वाला निर्भय और दृढ़ होता है
जो ज्यादा बोलते हैं
वे बकवास अधिक करते है
वे बहुत बोलकर भी कुछ नहीं कर पाते,
परन्तु जो कम बोलते हैं,
वे ठोस और गजब बोलते हैं
वे जरा-सा बोलकर भी बहुत कह जाते हैं

मुनि विमलसागर

"श्री शांति जिन स्तवन" (१६)

विवेचन : मुनिराज श्री जयानंदविजयजी म.

शान्त रसे श्री शांति जिन, पियु मोरा शांति सुख शिरदार हो ।
प्रेमे पाम्यो प्रीतड़ी पियु मोरा, प्रीति नी रीति अपार हो ।
शांत सलुणो मारो, प्रेम नगीनो मारो, स्नेही समीनो मारो,
नाहलो पियु मोरा पल एक प्रीति पमाड़ हो । टेर ॥ १ ॥

श्री शांति जिनेश्वर शांत रस में निमग्न है । शांत रस में निमग्न होने से हे प्रीतम ! आप शांति सुख भोक्ताओं में सर्वश्रेष्ठ सरदार हो । सर्वोत्तम हो । आपके जैसा शांति सुख को भोगने वाला अन्य कोई नहीं है ।

हे श्री शांतिनाथ भगवंत आपके प्रति मेरे हृदय में रहे हुए प्रेम के कारण आपकी प्रीत मैंने प्राप्त की । आपके प्रीत की रीत अपार है जिसका कोई पार पा नहीं सकता । भव्यात्माएँ अनेक प्रकार से आपके साथ प्रीत करते हैं ।

हे शांतिनाथ भगवंत आप मेरे हो, मेरे लिए प्रेम के एक मात्र स्थान रूप हो, स्नेही हो, नाथ हो ।

हे शांतिनाथ भगवंत ! प्रीत दो प्रकार की है एक सामान्य एवं दूसरी विशिष्ट । सामान्य प्रीति तो आपसे मेरी है ही । अब आपसे निवेदन करता हूँ कि एक पल भर विशेष प्रीति प्राप्त करवा दो ।

प्रीति प्रभु तुम प्रेमनी, पि. मुज मन में नहीं माय हो ।
भेद न जाणुं अभेदता, पि. प्रेम शुं रह्यो लपटाय हो । शांति ॥ (२)
भेद कहो किम संभवे, पि. जड़ता दोष जणाय हो ।
जुक्ति जड़ जंपे नहीं, पि. कहितां किम कहेवाय हो । शांति ॥ (३)
अभेद रूप जो अनुभवुं, पि. सिद्ध संसारी संबंध हो,
प्रत्यक्ष भिन्न प्रमाण में, पि. किम करी कहुं एक खंध हो, शांति ॥ (४)
उभय पक्ष उपयोगथी, पि. भिन्न भलो भ्रम जाल हो ।
सूरि राजेन्द्र ना साहिबा, पि. मेटजो मन भ्रम साल हो । शांति ॥ (५)

हे शांतिनाथ भगवंत ! आपके प्रति मेरे हृदय में इतनी प्रीत है कि उसका समावेश मेरे छोटे से मन में नहीं हो रहा है । एक किलो पदार्थ का समावेश हो सके ऐसे बर्तन में पांच किलो पदार्थ कैसे आ सकेगा ? वैसे ही प्रीत अधिक है और मन छोटा है अतः आपश्री की प्रीत मेरे मन में समाविष्ट नहीं हो रही है ।

आपके प्रति इतनी अत्यधिक प्रीत होने के कारण आपका और मेरा भेद-अभेद जो है वह मैं नहीं जानता । फिर भी आप श्री के प्रेम के कारण आपसे लिपटा हुआ हूँ ।

आत्मा एवं पुद्गल में भेद है । आत्मा सचेतन है, पुदगल जड़ है ।

मैं, आप में और मुझ में भेद कहने जाता हूँ तो जड़ता का आरोप आप में आ जाता है । जड़ कभी युक्ति बता नहीं सकता, जड़ कभी कुछ कह नहीं सकता । अतः मैं आपको जड़ कह नहीं सकता । जड़ न कह सकने के कारण आपमें और मुझ में भेद है ऐसा मैं नहीं कह सकता ।

अभेद रूप में जो अनुभव करूं तो आप सिद्ध है, मैं संसारी हूँ यह प्रत्यक्ष प्रमाण भिन्नता का है । आप और मैं एक स्कंध रूप है ऐसा मैं कैसे कह सकूं ? मैं अभेद रूप से भी नहीं कह सकता ।

गुरूदेव श्री कहते है कि चिंतन करने पर स्पष्ट ख्याल आया कि शुद्ध निश्चय नय एवं शुद्ध व्यवहार नय से आप और मैं क्रमशः अभेद युक्त एवं भेद युक्त हैं ।

भिन्नता तो केवल भ्रम जाल है । अर्थात् शुद्ध निश्चय नय से आप और मैं सत्ता स्वरूप से एक समान हैं कोई भेद नहीं है, अभेद ही है ।

हे तीर्थंकर शांतिनाथ भगवंत ! आप मेरे मन से इस भ्रम रूप कांटे को दूर कर दे, भ्रम के दुःख को मिटा दे । अर्थात् व्यवहार नय से भिन्नता का जो स्वरूप है वह पुद्गल की संगतता के कारण है आपश्री मुझ से पुद्गल का संग छुड़वाकर अभेद में मिला दीजिये । यही आप से मेरी प्रार्थना है ।

गुरूदेव श्री ने इस स्तवन में सुख भोक्ताओं के उत्कृष्ट स्वामी तीर्थंकर एवं सिद्ध भगवंतो को दर्शाकर निश्चय एवं व्यवहार से भेद अभेद की व्याख्या समझा कर व्यवहार से रहे हुए भेद को मिटाने हेतु, दूर करने हेतु भगवंत से प्रार्थना की है ।

श्री दक्ष ज्योत

ભારતીય સંસ્કૃતિના આદર્શોને ઘર ઘર
ગુંજતા કરવાના ઉદ્દેશથી પ્રકટ થતું આધ્યાત્મિક માસિક

તંત્રી મહેશભાઈ એફ શેઠ ● સંપાદક : મુકેશ કે. શાહ

શ્રી દક્ષ જ્યોત મનને-આત્માને પુષ્ટિ કરે છે.

આજીવન સભ્ય રૂ. ૫૦૧/- ● વાર્ષિક લવાજમ રૂ. ૫૧/-

● દક્ષ જ્યોત કાર્યાલય ●
પાર્શ્વનગર ચાલપેઠ રોડ, અગાસી તીર્થ, વાયા - વિરાર,
પીન. ૪૦૧ ૩૦૧ જી. થાણા, મહારાષ્ટ્ર

क्या आप जानते हैं कि

- दिल्ली के वरिष्ठ सर्जन डाक्टर आर. एन. मित्तल के अनुसार हमारे देश में बड़ी आंत का केंसर मांसाहारी लोगों में अधिक देखा जाता है।
- तम्बाकू सेवन के परिणामों की ढेरों चेतावनियों के बावजूद आज भी १२ लाख लोग हर साल तम्बाकू सेवन के शिकार होकर मर जाते हैं।
- ६५ साल से कम उम्र के लोगों में ४० प्रतिशत कैंसर, ७५ प्रतिशत दमा और २५ प्रतिशत हार्ट अटैक से हुई मौतें धूम्रपान के कारण होती है।
- अनुमान है कि भारत में लगभग ३३ करोड़ लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं और रोजाना ५५ करोड़ या हर साल २०,००० करोड़ सिगरेटों की बिक्री केवल भारत में ही होती है।
- भारत में लगभग साढे चार लाख हेक्टेयर भूमि में तम्बाकू की खेती की जाती है और हर साल यहाँ चवालीस करोड़ किलो तम्बाकू की पैदावार होती है। इस तरह विश्व में तम्बाकू उत्पादन के लिहाज से भारत तीसरे स्थान पर है। मगर विडम्बना यह है कि इसमें से सिर्फ २० प्रतिशत तम्बाकू का निर्यात होता है, शेष भारत में ही खप जाती है।
- भारत वर्ष में १० वर्ष से अधिक की आयु वाले लोगों में २२ करोड़ पुरूष और ११ करोड़ महिलाएं धूम्रपान करती हैं और इस वक्त लगभग पांच लाख रोगी सिगरेट के कारण हुए कैंसर से पंजीकृत हैं।
- अगर सिगरेट की किमत केवल एक पैसा बढ़ा दी जाए तो सिगरेट बनाने वाली कम्पनियों को हर साल लगभग २०० करोड़ रुपये का लाभ होता है।
- प्रतिवर्ष धुम्रपान से डेढ़ करोड़ कार्य दिवसों की हानि होती है।
- धरती के चारों तरफ ओजोन गैस की एक पर्त है, जो सूरज की रोशनी के साथ आनेवाली पराबैंगनी किरणों को सोख कर उन्हें पृथ्वी तक नहीं पहुंचने देती। ये मारक किरणें अगर हमारे शरीर पर लगातार चोंट करें तो चर्म कैंसर, मोतियां बिन्द और अन्य कई बीमारियॉ हो सकती है।
- बाहरी वायुमंडल में ओजोन की पर्त के हल्के होने के साथ–साथ दुनियाँ भर में चमड़े के कैंसर की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और यह वृद्धि सबसे अधिक अंटार्कटिका के नजदीक के इलाकों में है। जहॉ ओजोन की छतरी में बहुत बड़ा छेद हो गया है।
- पिछले सौ साल से धरती का औसत तापमान ०.३ से ०.६ डिग्री सेल्सियस बढा है और इस समय तापमान बढ़ने की दर ०.३ डिग्री सेल्सियस प्रति दशक है।

- गाय के दूध में पाया वाला प्रोटीन स्तन कैंसर वृद्धि को धीमा कर देता है। गाय का दूध सेवन करनेवालों को कैंसर का भय नहीं रहता।
- जर्मन में वैज्ञानिकों ने ११ वर्ष तक १९०४ शाकाहारियों का अभ्यास कर यह निष्कर्ष निकाला है कि मांसाहारियों की अपेक्षा शाकाहारी ज्यादा तंदुरुस्त एवं दीर्घायु होते है।
- दुनियाँ भर में हर साल लगभग दो करोड़ हेक्टेयर उपजाऊ भूमि खेती के आधुनिक तौर तरीकों के चलते–चलते रेगिस्तान में बदल जाती है।
- कृषि में कीटनाशी रसायनों और रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग ने भी मिट्टी को प्रदूषित किया है।
- अमेरिका में ८० के दशक में फौज पर २,५००,०००,०००,०००,०००,००० (ढाई ट्रिलियन) डालर खर्च किए गए हैं, जब कि इसी दौरान शहरों और राज्यों के विकास के लिए संघीय फंड में ७८ अरब डालर की कटौती की गयी।
- सिंगापुर में च्युइंगम खाने एवं बेचने पर प्रतिबंध है।
- २४ करोड़ ४ लाख की जनसंख्या वाला अमेरिका मांस प्राप्ति हेतु जानवरों को अन्न और सोयाबीन खिलाना बन्द कर दे तो दुनिया के एक अरब तीन करोड़ लोगों को भूखमरी से बचाया जा सकता है।
- मांस उत्पादन के अर्थतन्त्र का क ख ग भी जो लोग जानते हैं, वे आंखे मूंद कर कह सकते हैं कि मांसाहारी मुल्क दुनिया को भूखा मारने के लिये जिम्मेदार है।
- विश्व में सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलानेवाला देश अमेरिका है।
- चाय में टैनिन नामक पदार्थ भी पाया जाता है, जिसमें विशेष प्रकार की गंध और स्वाद आता है। टैनिन पानी में घुलनशील एक विषैला पदार्थ है, जिसके प्रभाव से आमाशय की पाचनशक्ति नष्ट हो जाती है तथा कभी–कभी आमाशय की दिवारों में घाव भी हो जाते हैं। भूख न लगना, निंद न आना, बैचेनी तथा सिर के बालों का समय के पूर्व गिरना या श्वेत होना, होठ काले तथा चेहरे पर झुर्रियाँ पड़ जाना आदि चाय के दुष्परिणाम हैं।
- कीटनाशी दवाओं का आँख और हड्डियों पर काफी गंभीर प्रभाव पडता है, सिर्फ इतना ही नहीं वरन् इससे कहीं अधिक गंभीर रोग (लीवर में कैंसर) की आशंका भी उठ खड़ी होती है।

– धर्ममित्र.

जब तपमान शून्य डिग्री से नीचे चला जाता है तो जीवन दूभर हो जाता है, वैसे ही समाज के अधिकांश लोग नैतिक मानबिन्दु के नीचे खिसक जाते हैं तो समाज की स्वस्थता खतरे में पड़ जाती है।

धारावाहिक—

।। 卐 ।। आचाराङ्ग की सूक्तियाँ ।। 卐 ।।

संकलन-श्री पुखराज भण्डारी

(८७) **'एस धम्मे सुद्धे णितिए सासए समेच्च लोयं खेतण्णेहिं पवे दिते।। १-४-१-१३२।।'**

● **यह अहिंसा धर्म शुद्ध, नित्य और शाश्वत है। सर्वज्ञ अर्हन्तों ने (जीव) लोक सम्यक् प्रकार से जानकर इसका प्रतिपादन किया है।**

(८८) 'णो लोगस्सेसणं चरे।। १-४-१-१३३।।'

● वह लोकैषणा में न भटके।

(८९) **' जे आसवा ते परिस्सवा, जे परिस्सवा ते आसवा।**
जे अणासवा ते अपरिस्ससा, जे अपरिस्सवा ते अणासवा।। १-४-२-१३४।।'

● जो **आस्रव** (कर्मबंध) के स्थान हैं, वह ही **परिस्रव**-कर्म निर्जरा के स्थान (ज्ञानियों के लिए) बन जाते हैं। इसी प्रकार जो परिस्रव हैं, वे आस्रव हो जाते हैं। जो **अनास्रव** (व्रतविशेष) हैं, वे भी (अशुभ अध्यवसाय वालों के लिए) **अपरिस्रव** (कर्म के कारण) हो जाते हैं। इसी प्रकार **परिस्रव** (पाप के कारण) हैं, वे भी (कदाचित) **अनास्रव** (कर्मबंध के कारण) नहीं होते हैं।

तुलना— 'अज्ञानी बध्यते यत्र, सेव्यमानेऽक्षगोचरे।
तत्रेव मुच्यते ज्ञानी, पश्यतामाश्चर्यमीदृशम।।'

आचार्य अमितगति—'योगसार' -६/१८

(९०) **'अट्टा वि संता अदुवा पमत्ता।। १-४-२-१३४।।'**

● जो आर्त अथवा प्रमत्त (विषयासक्त) होते हैं, वे भी (कर्मों का क्षयोपशम होने पर अथवा शुभ अवसर मिलने पर) धर्म का आचरण कर सकते हैं।

(९१) **'णाऽणागमो मच्चुमुहस्स अत्थि।। १-४-२-१३४।।'**

● जीवों को मृत्यु के मुख में (कभी) जाना नहीं होगा, ऐसा संभव नहीं है।

(९२) **'एगे वदंति अदुवा वि णाणी, णाणी वदंति अदुवा वि एगे।। १-४-२-१३५।।'**

● यह बात श्रुतकेवलि या केवलज्ञानी कहते हैं। जो केवलज्ञानी कहते हैं, वही श्रुतकेवलि भी कहते हैं।

(९३) **'सव्वेसिं पाणाणं सव्वेसिं भूताणं सव्वेसिं जीवाणां सव्वेसिं सत्ताणं असायं अपरिणिव्वाणं महब्भयं दुक्खति-त्तिबेमि।। १-४-२-१३९।।'**

● जैसे आपको दुःख प्रिय नहीं है, वैसे ही सभी प्राणी, भूत, जीव सत्वों को भी दुःख आशाताकारक है, अप्रिय है, अशान्तिजनक है और महाभयंकर है।—ऐसा मैं कहता हूँ।

(९४) **'इह आणाकंखी पंडिते अणिहे एगमप्पाणं सपेहाए धुणे सरीरगं, कसेहि अप्पाणं जरेहि अप्पाणं। जं हा जुन्नाई कट्ठाई हव्ववा हो पमत्थति एवं अत्त समाहिते अणिहे।। १-४-३-१४१ ।।'**

● यहाँ (अर्हत्प्रवचन में) आज्ञाकांक्षी पंडित (शरीर और कर्मादि के प्रति) अनासक्त (स्नेहरहित) होकर एकमात्र आत्मा को देखता हुआ, शरीर (कर्मशरीर) को प्रकम्पित कर डाले। (तपश्चरण द्वारा) अपने कषाय आत्मा (शरीर) को कृश करे, जीर्ण कर डाले। जैसे अग्नि काष्ठ को शीघ्र जला डालती है, वैसे ही समाहित आत्मा वाला वीतराग पुरुष प्रकम्पित, कृश एवं जीर्ण हुए कषायात्मा (कर्मशरीर) को (तपध्यान रूपी अग्नि से) शीघ्र जला डालता है।

(९५) **'विगिंच कोहं अविकंपमाणे इमं निरुद्धाउयं सपेहाए।। १-४-३-१४२ ।।'**

● यह मनुष्य जीवन अल्पायु है, यह सम्प्रेक्षा करता हुआ साधक अकम्पित रहकर क्रोध का त्याग करे।

(९६) **'लोयं च पास विप्फंदमाणं।। १-४-३-१४२ ।।'**

● प्राणिलोक को (दुःख के प्रतिकार के लिए) इधर उधर भागदौड़ करते-**विस्पन्दित** होते देख!

(९७) **'विगिंच मंससोणितं।। १-४-४-१४३ ।।'**

● संयम और मोक्षमार्ग में विघ्न करनेवाले शरीर का मांस और रक्त (विकट तपश्चरण द्वारा) कम कर।

(९८) **'जस णत्थि पुरे पच्छा मज्झे तस्स कुओ सिया ? ।। १-४-४-१४५ ।।'**

● जिसके (अंतःकरण में भोगासक्ति का-) पूर्व संस्कार नहीं है, और पश्चात् (भविष्य) का संकल्प भी नहीं है, बीच में उसके (मन का विकल्प) कहाँ से होगा?

(९९) **'जेणबंधं वहं घोरं परितावं च दारुणं।। १-४-४-१४५ ।।'**

● (भोगासक्ति के कारण) पुरुष बन्ध, वध, घोर परिताप एवं दारुण दुःख पाता है।

(१००) **'कम्मुणा सफलं दट्ठं तणो णिज्जाति वेदवी।। १-४-४-१४५ ।।'**

● कर्म अपना फल अवश्य देते हैं, यह देखकर ज्ञानी पुरुष उनसे (बंध, आम्रव, संचय) अवश्य ही निवृत्त हो जाता है।

(१०१) **'गुरु से कामा। ततो से मारस्स अंतो। जतो से मारस्स अंतो ततो से दूरे।। १-५-१-१४७ ।।'**

● प्रमत्त जीव के लिए शब्दादि काम (विपुल विषयेच्छा) का त्याग करना बहुत कठिन होता है। इसलिए वह मृत्यु की पकड़ में रहता है। जितना मृत्यु की पकड़ में रहता है, उतना ही **अमृत (परमपद)** से दूर होता है।

(१०२) **'णेव से अंतो णेव से दूरे।। १-५-१-१४८ ।।'**

● वह (कामनाओं का निवारण करने वाला पुरुष) न तो मृत्यु की सीमा (पकड़) में रहता है, और न मोक्ष से दूर रहता है (**जीवनउन्मुक्त** की स्थिति में रहता है)।

(१०३) **'मोहेण गब्भं मरणाइ एति। एत्थ मोहे पुणो, पुणो॥ १-५-१-१४८॥'**

● उस मोह (मिथ्यात्व, कषाय, विषय, कामना) से (उद्भ्रान्त होकर कर्मबन्धन करता हुआ) बार बार गर्भ में आता है, जन्म-मरणादि पाता है। इस जन्म-मरण की परम्परा में (मिथ्यात्वादि के कारण) उसे बारंबार मोह (व्याकुलता)उत्पन्न होता है।

(१०४) **'संसयं परिजाणतो संसारे परिण्णाते भवति।**
संसयं अपरिजाण तो संसारे अपरिण्णाते भवति॥ १-५-१-१४९॥'

● जिसे संशय (मोक्ष और संसार के विषय में जिज्ञासा) का परिज्ञान हो जाता है, उसे संसार के स्वरूप का परिज्ञान हो जाता है। जो **संशय/जिज्ञासा** को नहीं जानता, वह संसार को भी नहीं जान पाता।

(१०५) **पासह एगे रूवेसु गिद्धे परिणिज्जमाणे। एत्थ फासे पुणो पुणो॥ १-५-१-१४९॥'**

● हे साधको! विविध काम भोगों में गृद्ध-आसक्त जीवों को देखो। वे नरक तिर्यंच आदि यातना स्थानों में पच रहे हैं, उन्हीं विषयों में खिंचे जा रहे हैं। वे इन्द्रियविषयों के वशीभूत प्राणी इस संसार-प्रवाह में (कर्मों के फलस्वरूप) बारंबार उन्हीं स्थानों का स्पर्श करते हैं। उन्हीं स्थानों में पुनः पुनः जन्मते मरते हैं।

(१०६) **'अट्टापया माणव! कम्मकोविया, जो अणुवरता अविजाए पलिमोक्ख माहु, आवट्टं अणुपरियट्टंति त्ति बेमि॥ १-५-१-१५१॥'**

● हे मानव! जो लोग **प्रजा (विषय कषाय)** से आर्त-पीड़ित हैं, कर्मबन्धन करने में ही चतुर हैं, जो आस्रवों से विरत नहीं हैं, जो अविद्या से मोक्ष प्राप्त होना बतलाते हैं, वे संसार के भँवरजाल में बराबर चक्कर काटते रहते हैं। —ऐसा मैं कहता हूँ।

(१०७) **'आवंति के आवंति लोगंसि अणारंभजीवी एतेसु चेव अणारंभजीवी॥ १-५-२-१५२॥'**

● इस मनुष्यलोक में जितने भी **अनारम्भजीवी** (अहिंसा के पूर्ण आराधक) हैं, वे (इन सावद्य-आरंभ प्रवृत्त) गृहस्थों के बीच रहते हुए भी **अनारम्भजीवी** (विषयों से निर्लिप्त-अप्रमत्त) रहते हुए जीते हैं।

(१०८) **'एस मग्गे आरिएहिं पवेदिते॥ १-५-२-१५२॥'**

● यह (अप्रमादका) मार्ग आर्यों ने (तीर्थंकरों) बताया है।

(१०९) **'से पुव्वं पेतं पच्छा पेतं भेउरधम्मं विद्धंसणधम्मं अधुवं अणितियं असासतं चयोवचइयं विप्परिणाम धम्मं। पासह एयं रूवसंधिं॥ १-५-२-१५३॥'**

● यह प्रिय लगने वाला शरीर पहले या पीछे (एक न एक दिन) अवश्य छूट जायगा। इस **रूपसंधि (देह-स्वरूप)** को देखो! छिन्न भिन्न और विध्वंस होना इसका स्वभाव है। यह अध्रुव, अनित्य, अशाश्वत है। इसमें चयउपचय होता रहता है। विविध परिवर्तन होते रहना इसका स्वभाव है।

आओ! सूरज से कुछ प्रेरणा लें!

[मुनि श्री रत्नसेनविजयजी]

प्रातःकाल की मधुर वेला में अपनी लालिमा को फैलाकर समूचे विश्व को अपने प्रकाश से आलोकित करनेवाले सूरज को भला किसने नहीं देखा होगा?

एक ही सेकंड में करोड़ों की जोड़–बाकी करनेवाला कम्प्युटर शायद कभी भूल कर सकता हैं। दुनिया को चकित करनेवाला 'यंत्र मानव' अपने कार्य और निर्णय में भूल कर सकता है। नियमबद्धता (Panchuality) की बांग पुकारनेवाला मानवी कदाचित् अपने समय में भूल कर सकता है––– परंतु हजारों वर्ष बीतने के बाद भी यह सूरज अपने उदय और अस्त के समय में एकदम नियमित रहा है।

वर्षों बीतने पर जवान व्यक्ति बुढा हो जाता है और उसकी कार्यशक्ति एकदम क्षीण हो जाती है। एक घंटे में ५–७ मील की स्पीड (Speed) से दोड़ने वाला व्यक्ति बुढापे में ५–१० कदम चलने में भी थकावट का अनुभव करने लग जाता है।

सचमूच, जब सूरज की ओर दृष्टिपात करता हूँ तो लगता है वह अपने कार्य में कितना नियमित है।

सूर्य की नियमितता हमें अपनें जीवन को नियमबद्ध बनाने की सुंदर प्रेरणा देती है।

दुनिया में कई लोग ऐसे होते है, जिनका जीवन एकदम अस्त–व्यस्त होता है। न खाने में नियमितता – न श्रम में और न विश्राम में नियमितता।

जीवन के अभ्युत्थान के लिए नियमबद्धता अत्यंत ही आवश्यक तत्व है।

कभी सुबह भरपेट खाया तो कभी दोपहर को तो कभी रात को। इस प्रकार आहार में अनियमित रहनेवाले व्यक्ति आहार का संतुलन खो देने से अनेक प्रकार के रोगों से ग्रस्त बनते है।

कभी अत्याधिक श्रम तो कभी बिल्कुल श्रम नहीं। इस प्रकार श्रम के क्षेत्र में अनियमित रहने से स्वास्थ्य का संतुलन टूटने लगता है।

जो व्यक्ति कभी दिन में घंटों तक सोते हैं और पूरी रातभर जगते रहते हैं– कभी रात को सोते है तो कभी दिन को। इस प्रकार विश्राम में अनियमित रहनेवाले अपने शारीरिक और मानसिक विकास को अवरूद्ध कर देते हैं।

आध्यात्मिक क्षेत्र में भी नियमबद्धता का बहुत ही महत्त्व है। नियमित रूप से जाप, नियमित रूप से ध्यान, नियमित रूप से स्वाध्याय इत्यादि करने से क्रमिक

विकास होता रहता है। जो लोग बंदर की भांति छलांग लगाते हैं तो वे कभी ऊँचे चढते है तो कभी नीचे भी गिर जाते हैं।

यह सूरज हमें बहुत ही सुंदर प्रेरणा देता हैं। जीवन को नियमित बनाओ। कोई; भी कार्य समय पर करो और नियमित करो तभी वह कार्य शीघ्र फलदायी बन सकता है।

हर कार्य/साधना की सिद्धि के लिए अपने विशिष्ट नियम होते है। उन नियमों का अच्छी तरह से पालन करने से अवश्य ही कार्य सिद्धि होती है।

प्रतिदिन दिखाई देनेवाले सेज–बरोज से अतिपरिचित सूर्य से हमें इतनी प्रेरणा तो अवश्य ही लेनी चाहियें।

सूर्य की अपनी दूसरी विशेपता है – वह किसी भी प्रकार के भेदभाव बिना समस्त जगत को एक साथ प्रकाशित करता है।

समूचे विश्व में फैले हुए अंधकार को वह अपने अस्तित्व मात्र से ही धूमिल कर देता है।

सूर्य की अपनी विशेषता है कि वह समूचे विश्व को प्रकाशित करते हूए लेशमात्र भी प्रतिफल की इच्छा नहीं रखता है।

आप अपने घर में इलेक्ट्रिक लाईट Electric–Light का उपयोग करते हैं, परन्तु महिना बीतने के साथ ही आपके घर पर लाईट का बील (Bill) आ जाएगा किन्हीं संयोगों में १–२ मास तक बील की भरपाई न करें तो शायद है लाईट का connection–cut भी हो सकता हैं ... परन्तु जरा इस सूरज की ओर नजर करें जीवन भर हमें नियमित रूप से प्रकाश देता रहता है, फिर भी कभी भी उसकी ओर से एक भी बील नहीं आया। वह अपनी सेवाएँ नियमित रूप से और Free of Charge देता है।

सूरज की यह निष्काम परोपकार–वृत्ति हमें निष्काम भाव से परोपकार करने की प्रेरणा देती है।

हम थोड़ा–सा भी किसी के ऊपर उपकार करते हैं – हमारे मन में प्रतिफल की इच्छा जागृत हो जाती है। किसी के ऊपर उपकार करते समय हम निष्काम योग को भूल ही जाते है।

गीता में भी ठीक ही कहा है–

'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेपु कदाचन'

कर्म में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में नहीं। कर्म निष्काम भाव से कर्म करते जाओ जो निष्काम भाव से करता है, उसे अपने कर्म का फल तो अवश्य मिलता ही है। आम का बीज बोया है तो समय आने पर आम का फल मिलने ही वाला है, उस फल को पाने के लिए फल की तीव्र लालसा रखनें की आवश्यकता नहीं है।

जगत् के अंधकार को हरने वाला सूरज निष्काम सेवा का प्रतीक है। आज समाज

में चारों ओर मानव सेवा, समाज सेवा आदि का नारा तो बहुत सुनाई देता है; परंतु उस नारे के भीतर केवल पोल ही होती है। सेवा के Lable के भीतर ही स्वार्थवृत्ति – शोषणवृत्ति का जाल बिछा हुआ नजर आता है।

क्या हम प्रतिदिन दिखाई देनेवाले सूरज की निष्काम वृत्ति से कुछ प्रेरणा लेंगे?

सूरज की अपनी तीसरी विशेषता हैं – उदय और अस्त दोनों अवस्थाओं में वह एकदम प्रसन्न होता है।

उतार और चढाव किसके जीवन में नहीं आता है। उदय के साथ अस्त, उत्थान के साथ पतन, विकास के साथ विनाश, जन्म के साथ मरण, निर्माण के साथ ध्वंस जुड़ा हुआ ही है। परन्तु आश्चर्य है कि मानवी अनुकूलता, सुख व सौंदर्य आदि को तो सहज स्वीकार कर लेता है, परन्तु थोड़े से प्रतिकूल संयोग आने पर तुरन्त ही आकुल व्याकुल हो जाता हैं।

छोटे–छोटे अनुकुल प्रतिकुल प्रसंगों में चंचल बननेवाले मानवी को यह सूरज सुंदर प्रेरणा करता है।

जरा, उगते हुए सूरज की ओर नजर करना, वह कितना प्रसन्न होता हैं–– उसके मुख पर कैसी लालिमा छाई हुई होती है। मध्याह्न के समय जो सूरज अपनी पूर्ण किरणों से चमकता है वही सूर्य जब अस्ताचल की ओर ढलने लगता है–– तब भी उसके चेहरे पर कैसी लालिमा दिखाई देती है। वह कितना प्रसन्न नजर आता है?

उदय और अस्त के समय समदृष्टि रखनेवाला सूरज हमें जीवन के अनुकूल और प्रतिकूल संयोगों में प्रसन्न रहने की सुंदर प्रेरणा देता है।

जीवन में समवृत्ति के कारण ही व्यक्ति सुख के अनुकूल संयोगों में एकदम उछलने लग जाता है और दुःख के प्रतिकूल–प्रसंगों में एकदम हताश और निराश बन जाता है।

सुख की भांति जीवन में दुःख का भी सहर्ष स्वीकार होना चाहिये। सुख और दुःख दोनों में मध्यस्थ रहनेवाला व्यक्ति ही जीवन के वास्तविक आनंद का लाभ उठा सकता है।

सूरज जगत् को प्रकाश तो देता ही है, इसके साथ ही अपने अस्तित्व मात्र से अनेकविध उपकार करता है।

सचमूच जीव–सृष्टि के लिए सूरज का अस्तित्व प्राणाधार स्वरूप है जगत् में यदि सूरज न हो तो जगत् का अस्तित्व ही बदल जाये। प्राणि–सृष्टि का अस्तित्व ही खतरें से भर जाय।

सूरज हमारे पाचन तंत्र को भी सहायता देता है। सूरज के अस्तित्व से ही वनस्पति–सृष्टि का विकास होता है।

वास्तव में यह सूरज तो परोपकार का ही एक पर्याय है। अपने अस्तित्व मात्र से मूक रहकर जगत् को परोपकार का संदेश देनेवाले सूरज से क्या हम कुछ प्रेरणा लेंगे?

ज्ञानकसौटी (१६)

स्वाध्यायी पाठक निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर पहले क्रमशः एक कागज पर लिखे फिर इसी अंक में पृष्ठ ४६ पर दिये गए उत्तरों से तुलना करें। – सम्पादक)

(नोट – सभी उत्तर 'अ' अक्षर से शुरू होते हैं।)

३७६) नामकर्म की एक प्रकृति जिसके उदय से जीव अपयश प्राप्त करता है।
३७७) गुणीजनों में जो दोष नहीं है उसे भी अपनी कलुषिता के कारण प्रकट करनेवाला।
३७८) सातवीं नरक के पांच नरकवासों में से मध्यवर्ती एक नरकवास।
३७९) आत्मा का अनंत भवों का संसार बढ़ानेवाला कषाय।
३८०) आत्मा से कर्म... काल से चिपके हुये है।
३८१) राजपाट का मोह त्याग कर महावीर... पाने जंगल की ओर चल पड़े।
२८२) परमात्मा की... करने वक्त ध्यान एकाग्र होना आवश्यक है।
३८३) स्वयं की प्रशंसा एवं अन्यों की... नीच लोग करते हैं।
३८४) जिसे मोक्ष में... न हो, उसके लिये मोक्ष प्राप्त करना असंभव है।
३८५) इस चौवीशी के अठारहवें भगवान।
३८६) पावापुरी का मूल नाम।
३८७) जैनधर्म... काल से चला आ रहा है।
३८८) जैनधर्म... काल तक चलता रहेगा।
३८९) कारण, करावण और... में सरीखा फल बतलाया है।
३९०) स्वस्थ तन एवं मन के लिये सर्वप्रथम... का शुद्ध होना आवश्यक है।
३९१) राजेन्द्रसूरिजी म. सा. दुर्घटना होने से पहले ही लोगों को... कर देते थे।
३९२) साधु, श्रमण, निग्रंथ, मुनि...।
३९३) दिन के उजाले की तरह साफ है कि चांदी के वर्क की... करना हिंसायुक्त है।
३९४) बंबई के निकट के प्रसिद्ध तीर्थ जिसके मूलनायक भगवान मुनिसुव्रत स्वामीजी हैं।
३९५) नौ तत्वों में से दो तत्व।
३९६) ...नक्षत्र के बाद कैरी (आम) का उपयोग निषिद्ध माना गया है।
३९७) ...देश, उत्तम कुल एवं जैन धर्म, बिरले ही पाते हैं।
३९८) ...के जीवों को तेऊकाय के जीव कहते हैं।
३९९) पानी के जीवों को... के जीव कहते हैं।
४००) सत्य .... और धर्म का पग–पग जहाँ डेरा, वो भारत देश है मेरा।

हार्दिक श्रद्धांजली

स्व. सौ. धर्मीबाई मिश्रीमलजी रूपावत

स्वर्गवास ५/३/१९९२ फाल्गुन सुद १

हम हैं आपके

पुत्र - मोहनलाल, रमेशकुमार, चंदनमल
पौत्र - विकेश, निलेश, मधूर, सूरज एवं पप्पू
पुत्री - पंकुबाई, गुणवंती, लिला
पौत्री - अरुणा, दीना एवं समस्त रूपावत परिवार
प्रतिष्ठान - (१) **मोहनलाल रमेशकुमार रुपावत**
मु. पो. **जोगापुरा**
व्हाया - पोसालिया,
जि. सिरोही (राजस्थान)
(२) **श्री राजेन्द्र ज्वेलर्स**
जुम्मा मस्जिद शॉपिंग सेन्टर
बाजारपेठ, **कुळगांव**, स्टे. बदलापुर
जि. ठाणा (महाराष्ट्र)

मर्ज से ज्यादा हानिकारक होती दवाएं

– मुकेश कुमार –

दवा उद्योग पर हावी राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय स्वार्थ, दवाइयों के गुणवत्ता नियंत्रण की नाकाफी व्यवस्था और समूचे चिकित्सा तंत्र में घुसी मुनाफाखोरी आज अत्यंत चिंताजनक स्तर तक बढ़ गई है। नौबत यहां तक आ पहुंची है कि स्वयं डॉक्टरों को नहीं पता होता कि जो दवा वे अपने मरीज को दे रहे हैं – उससे वह स्वस्थ होंगा या नहीं, न ही उसके 'साइड इफेक्टस' के बारे में डॉक्टर कुछ जानते हैं। बाजार में घटिया, मिलावटी, गैर जरूरी और हानिकारक दवाओं की बाढ़–सी आई हुई हैं। अनेक दवाएं प्रतिबंधित होने के बावजूद सरे आम बिक रही हैं। अनेक मामलों में तो मरीजों के लिए मर्ज से ज्यादा दवाएं ही हानिकारक साबित हो रही है और समूचा चिकित्सा तंत्र इस स्थिति पर मूकदर्शक बना बैठा है।

देश में इस वक्त लगभग बीस हजार दवा बनानेवाली इकाइयां है और लगभग दो लाख दवा बेचनेवाली इकाइयां। नियमतः हर २५ दवा निर्माताओं और विक्रय इकाई पर एक–एक दवा नियंत्रण निरीक्षक होना अनिवार्य है। इस हिसाब से २६८९ दवा नियंत्रण निरीक्षक होने चाहिए लेकिन है सिर्फ ६६४। कुल मिलाकर दवा उद्योग में गुणवत्ता नियंत्रण का काम रामभरोसे चल रहा है और इस स्थिति के चलते ही आए दिन सरकारी–गैर सरकारी अस्पतालों में नकली या मिलावटी दवाओं के कारण मरीजों के मौत के मुंह में जाने के मामले प्रकाश में आते रहते हैं।

नौबत यहां तक आ पहुंची है कि देश के दूर–दराज शहरों–कस्बों की कौन कहे, राजधानी दिल्ली में ही लगभग तीन दर्जन प्रतिबंधित दवाएं बाजार में सरे आम बिक रही हैं। यहां के सरकारी अस्पतालों तक में घटिया और मिलावटी दवाइयों की सप्लाई होती है। इन दवाओं से मरीजों के मारे जाने के बावजूद इस दुष्चक्र पर कहीं रोक लगती नजर नहीं आती। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई) की १९९०–९१ की एक ऑडिट रिपोर्ट इस चिंताजनक हकीकत की कलई कई कोणों से खोलती है। ई.एस.आई के नियमों के अनुसार उसके सभी अस्पतालों और औषधालयों में सप्लाई की जानेवाली दस प्रतिशत दवाइयों का प्रयोगशाला में परिक्षण किया जाना चाहिए ताकि उनके घटिया अथवा मिलावटी होने पर मरीजों तक वे न पहुंच पाएं। लेकिन ऑडिट दल ने अपनी जांच में पाया कि निगम के बसईदारापुर अस्पताल में १२ दवाइयां उनके परिक्षण के परिणाम आने से पहले ही जारी कर दी गई। इसमें से एक दवाई तो इस बीच सौ फीसदी इस्तेमाल की जा चुकी थी। बाकी दवाइयों में से चार दवाइयां २६ से १६ फीसदी तक इस्तेमाल की जा चुकी थीं।

ऑडिट टीम की रिपोर्ट के मुताबिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में इस्तेमाल होने वाले डेक्सट्रोस इंजेक्शन की बोतलों के एक बैच के नमूने ५ नवंबर १९९० को प्रयोगशाला भेजे गए। वहां से रिपोर्ट आने में दो हफ्ते लगे और इस दौरान २००० बोतलों में से १८५९ बोतलें मरीजों को चढ़ा दी गई थीं। यह सब इस तथ्य से वाकिफ होने के बावजूद किया गया कि घटिया डेक्सट्रोस से मरिज की जान भी जा सकती है। इसके अलावा इसी अस्पताल में १९९० में दस हजार डाइजाइन गोलियां सप्लाई की गई जिन्हें १६ अप्रैल १९९० को परिक्षण के लिए भेजा गया। लेकिन परीक्षण–रिपोर्ट दो महिने बाद १५ जून १९९० को आई और उसमें दवाई का स्तर घटिया पाया गया। लेकिन इस दौरान सभी

दस हजार गोलियां मरीजों के इस्तेमाल के लिए दी जा चुकी थीं।

एक सर्वेक्षण में पाया गया है कि अपने देश में लगभग डेढ़ लाख अलग–अलग ब्रांडों की दवाओं का ७० प्रतिशत अंश बिलकुल बेकार होता है और ४० प्रतिशत नुकसानदेह। मगर फिर भी ये दवाएं बाजारों में भरी पड़ी हैं और डॉक्टर उन्हें मरीजों को दे रहे हैं। कुछ समय पूर्व अनेक स्वयं सेवी संस्थाओं की शिकायत पर औषधि नियंत्रक ने जांच करने के बाद ३४ औषधि मिश्रणों की बिक्री पर रोक लगाई थी। इनमें सभी स्टीरायड मिश्रण और क्लेरामफेनिकल व स्ट्रेप्टोमाइसिन थे। स्ट्रेप्टोमाइसिन का इस्तेमाल तपेदिक और क्लेरामफेनिकल का उपयोग टाइफाइड में किया जाता रहा हैं। मगर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का निष्कर्ष है कि ये दोनों दवाएं महज एंटीबायोटिक है जो हैजे की रोकथाम में फायदेमंद नहीं हैं। हैजे का कारण एक वायरस होता है जो शरीर में पानी की कमी पूरी होने पर अपने आप खत्म हो जाता है। उपर्युक्त दवाइयों के इस्तेमाल से हैजे का बढ़ना तो बंद हो जाता है मगर शरीर की रोग–प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है जो हैजे से भी ज्यादा खतरनाक है। इन दवाइयों को मिश्रण रूप में बेचे जाने के कारण स्ट्रेप्टोमाइसिन पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है जिससे करीब दस करोड़ तपेदिक के मरीज परेशान हैं।

इसी तरह एमिडोपायरिस, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टिरोन, विटामिन–सी, टेट्रासाइक्लिन व फेनासेटिन आदि भी प्रतिबंधित होने के बावजूद बाजार में खप रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि गर्भावस्था में एस्ट्रोजन–प्रोजेस्टिरोन अधिक मात्रा में लेने से बच्चों में जन्मजात विकृतियां आ जाती हैं। इस पर १९८२ में रोक लगाई गई थी लेकिन इसका प्रयोग आज भी जारी है। यही हाल दर्दनाशक दवाओं का है। बेरालगन, कोडोल्सिक, आक्सलजिन, एंड्रेक्स, वालाजेसिक, प्रोमलाजिन आदि दवाएं शरीर के लिए अनेक मामलों में बहुत नुकसानदेह साबित हो सकती हैं लेकिन फिर भी बिक रही हैं। स्टीरायड मिश्रण बेटेक्लर, बेट्नेटन, कोर्टिना, हिष्टाकोर्ट का लंबे समय तक इस्तेमाल शरीर के विभिन्न भागों पर घातक प्रभाव डालता है। इन घातक प्रभावों में पिट्यूटरी और एट्रीनल ग्रंथियों का कमजोर होना, ब्लड शुगर बढ़ना, हड्डियों और मांसपेशियों का कमजोर होना, रक्तचाप गिरना, तनाव व मनोविकार शामिल हैं।

नकली और मिलावटी दवाइयों की भरमार भी मरीजों की जान पर सवार है। दिल्ली में नकली दवाइयां तैयार करने का धंधा बड़े पैमाने पर हो रहा है। अनेक बार नकली दवाइयां पकड़ी भी जाती हैं लेकिन उनके दोषियों पर मामूली कार्रवाई से आगे बात नहीं बढ़ पाती। १९९० में दिल्ली में दो लाख रूपए से भी अधिक मूल्य की एंटीसेप्टिक बोरोलिन और बोरोप्लस क्रीम के नाम से बेची जा रही नकली क्रीम पकड़ी गई थी। इसी तरह ताकत की गोलियों, विटामिन कैप्सूल और एंटिबायोटिक गोलियों के घटिया होने की शिकायतें बड़े पैमाने पर की जाती रही हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है। इस पूरे गारखधंधे में डॉक्टरों की भी मिलिभगत है। जो मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव भेंट–उपहार से उन्हें खुश करता रहता है, वे उसी की दवा मरीजों को लिखते रहते हैं।

अफसोस की बात है कि एक तरफ सरकार लोगों में स्वास्थ्य–चेतना विकसित करने के विभिन्न उपाय कर रही है, दूसरी ओर देश के स्वास्थ्य और औषधि तंत्र में जड़ें जमाती हुई विकृतियों की तरफ से आंखें मूंदे बैठी है। दवाइयों पर गुणवत्ता नियंत्रण प्रभावी बनाने और देशी दवा निर्माताओं के बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों के मुनाफाकमाऊ अनैतिक तरीके अपनाने पर प्रभावी रोक के बिना तो मरीजों को दवा के नाम पर दर्द ही दिया जाता रहेगा।

सरे राह चलते-चलते

✿ **विज्ञापन की दुनियाँ और भुलावा** – विज्ञापन की रंग–बिरंगी मोहक दुनिया ने हमें भुलावे में डाल दिया है। अब हम वही खाते हैं जो रंगीन विज्ञापनों के माध्यम से व्यापारी हमें खिलाना चाहते हैं। वही पहनते हैं जो विज्ञापन हमें बताते हैं और सौन्दर्य–प्रसाधनों आदि की वही सामग्री हम उपयोग में लाते हैं जो सिने तारिकाओं के मोहक चित्रों के साथ टेलीविजन के पर्दों पर या अखबार के पृष्ठों पर हम देखते हैं। सामग्री की शुद्धता, अशुद्धता, स्वास्थ्य पर पड़नेवाले उसके प्रभाव और उसकी निर्माण प्रक्रिया में होने वाली हिंसा को देखने–जानने की न हमें फुरसत हैं और न ही अब हम उसकी आवश्यकता समझते हैं।

✿ **उल्टी गंगा बह रही है** – वैज्ञानिकों द्वारा मांस, अण्डा, शराब और धूम्रपान से होनेवाली बिमारियों एवं अन्य समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करने से अमेरिका, यूरोप आदि देशों में शाकाहार अपनाया जाने लगा है। वहाँ धूम्रपान और मद्यपान पर प्रतिबंध लगाये जाने लगे परन्तु पवित्र गंगा वाले हमारे देश मे उल्टी गंगा बह रही है यहाँ सरकार के सहयोग से इन चीजों का प्रचार बढ़ रहा है। सरकार लोगों को शाकाहारी से मांसाहारी बनाने पर तुली हुयी है।

✿ **विश्व स्वास्थ्य संगठन चिंतित** – विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई वर्ष पूर्व यह घोषणा की थी कि 'सन् २००० तक सबके लिये स्वास्थ्य' परन्तु अब उसके अधिकारी चिंतित है कि सन् २००० तक वे सबके लिए दवाइयाँ भले ही उपलब्ध कर दें पर हानिकारक भोजन, धूम्रपान और पर्यावरण – प्रदूषण के रहते वे सबके लिए अच्छा स्वास्थ्य कैसे दे सकेंगे।

✿ **मनोरंजन के नाम पर** – आज मनोरंजन के नाम पर फिल्मों सें हिंसा, नशा, अश्लीलता, बलात्कार, अनैतिकता एवं अराजकता को दिखाया जा रहा है। अधकचरी भौंडी सभ्यता एवं तथाकथित आधुनिकता, जो फिल्मों में देखने को मिल रहे है, वह ऐसा धीमा जहर है, जिससे भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं भावी पीढ़ी तिल–तिलकर मरती जा रही है। फिल्मों ने समाज के बुनियादी ढांचे को भी चिन्दा–चिन्दा कर दिया है।

✿ **चॉकलेट के जरिये जहर** – पर्यावरणीय अनुसंधान प्रयोगशाला लखनऊ के वैज्ञानिक डा. एस. सी. सक्सेना ने कैडबरीज, नेस्ले, अमूल, कैम्पको आदि चॉकलेटों के नमूनों का रासायनिक परीक्षण कर यह निष्कर्ष पाया है कि इन चॉकलेटों के माध्यम से अत्याधिक मात्रा मे निकिल शरीर में पहुंच रहा हैं। एक चॉकलेट खाने से ६०० से १३८० माइक्रोग्राम निकिल शरीर में पहुंचता है, जब कि अधिकतम सुरक्षा सीमा मात्र चार माइक्रोग्राम मानी जाती हैं।

❀ **एल्युमिनीयम से दूर रहें** – अमेरिका की फिलेडोल्फिया युनिवर्सिटी के वैज्ञानिक डा. सर्जडकोल तथा ए. जी. अलफ ने सिद्ध किया है कि एल्युमिनियम शरीर के लिये हानिकारक धातु है। कोई गर्म वस्तु तो इसमें रखनी ही नहीं चाहिये।

❀ **रासायनिक खाद और दिल की बिमारियॉ** – हार्ट केअर फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ. (कर्नल) के. एल. चौपड़ा के अनुसार रासायनिक खादों के अंधाधुंध इस्तेमाल से दिल की बीमारियॉ बढ़ रही हैं। इनके उपयोग से उपजे अनाजों से मैग्नीशियम तत्व नहीं मिल पा रहा है। शरीर में मैग्नीशियम की कमी रक्त के जमने और दिल के दौरे को जन्म देती है।

❀ **५० वर्ष पहले** – पिछले पचास वर्षों में चीजों के कितने भाव बढे? यह जानना आश्चर्यकारक होगा? सन् १९४२ में सोना ३२ रू. प्रति तोला, शुद्ध घी ४४ पैसे प्रति किलो; चांदी ४३ पैसे प्रति किलो; चावल १२ पैसे प्रति किलो; गेहूँ ७ पैसे प्रति किलो, दुध ८ पैसे प्रतिलिटर था।

❀ **अेपेन्डिक्स जरूरी अंग** – ब्रिटीश जनरल ऑफ सर्जरी के अनुसार अेपेन्डिक्स भी एक जरूरी अंग है, उसमें दर्द होने पर जहॉ तक हो सके दवाई द्वारा दूर करने का उपाय करें लेकिन ऑपरेशन न करवायें। आयुर्वेदाचार्य तो पहले से ही यह बात कहते आये हैं किन्तु जब तक वैज्ञानिकों का समर्थन प्राप्त नहीं होता, हम मानने के लिए जल्दी तैयार नहीं होते। एपेन्डिक्स के ऑपरेशन के बाद आंतो में कैंसर होने की संभावना बढ़ सकती है।

❀ **कानून का जाल** – सन् १८५७ से १९४७ तक ब्रिटीश शासन के समय ९० वर्ष में सिर्फ ४०० कानून बनाये गये थे, लेकिन आजादी के बाद सन् १९४७ से ९१ तक ५००० कानून बनने के बाद, आज देश की परिस्थिती क्या है, वह किसी से छिपी नहीं हैं। जब तक उंचे पदों पर बैठे अधिकारियों में नैतिकता नहीं आयेगी, तब तक कितने ही कानून बन जाय, कोई सुधार होनेवाला नहीं।

❀ **राष्ट्रीयकृत बैंक और भ्रष्टाचार** – देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने एक शेअर दलाल को बैंक की कार्यप्रणाली की धज्जियॉ उड़ाकर ६०० करोड़ रूपये की धनराशि मुहैया करा दी। बिना प्रतिभूति के शेअर दलाल को सट्टेबाजी के लिये ६०० करोड़ रुपए की एकमुश्त राशि उपलब्ध कराना अधिकारों का सरासर दुरुपयोग और बैंको में व्याप्त भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण है।

— *मुसाफिर*.

शाश्वत धर्म को सप्रेम भेंट

३०१/– आहोर निवासी शा. हीराचंदजी (फर्म– प्रकाशचन्द हिराचन्दजी कल्याण) की धर्मपत्नी श्रीमती मोहनीबाई के वरसीतप पारणा निमित्त...।

प्रतिमा स्वरुप

मुनिराज श्री प्रशान्तरत्नविजयजी

जैन शासन साधना प्रधान अनादिकाल से रहा हैं। साधना साधकों की विभिन्न कक्षाओं से अनेक विध मानी गयी हैं। यह एक निस्सन्देह हकीकत है कि साधक की साधना का लक्ष्य साध्य की सिद्धी में ही रहता हैं। साध्य की सिद्धि के लिए साधक को पूर्ण जागृति से साधना में जुट जाना परमावश्यक हैं।

आजकाल हम देख रहें है कि साधना ज्यादातर सफल नहीं हो पा रही हैं। कारण क्या हैं इसके पिछे? समाधान सहज हैं साधक जब जब भी साधना करने बैठता हैं, तब तब साधना एवं साध्य का भेद भूल जाता हैं। साधना को ही साध्य, ध्यान को ही ध्येय, आराधना को ही आराध्य, उपासना को ही उपास्य, उपमा को ही उपमेय समझ लेता हैं। इसी से उस साधक की साधना सिर्फ साधना तक ही सीमित रह जाती हैं, साध्य को सिद्ध नहीं कर पाती। साध्य को सिद्ध करना हैं तब तो लक्ष साध्य का ही रहना चाहिये, साधना तो लक्ष्य प्राप्ती में सहायक हैं, साध्य की सिद्धि से साधना छुट जानेवाली हैं।

जहाँ तक साध्य सिद्ध न हों वहाँ तक क्या करना? उसका प्रत्युत्तर गणधर भगवन्तोंने ''श्रमण सूत्र'' में एक्कारसहिं उवासग पडिमाहिं पद द्वारा बताया हैं।

इसी का तात्पर्यार्थ चर्चा चक्रवर्ती प्रभु श्रीमद्विजयराजेन्द्रसूरीश्वरजी के पद प्रभावक पू. आ. दे. श्रीमद् विजय धनचन्द्रसूरिजी म. ने एकादशीतिथि की स्तुति में इस प्रकार बताया हैं –

''अग्यारे पडिमा श्राद्ध नीए, अंग अग्यारे चंग तो,
अनुमोदे सुणि आदरे ए, भांगी सर्व विभंग तो,
भेद अग्यारमो ते वरेए, छुटे भव दव ताप तो . . .''

निष्कर्ष यह हैं कि ग्यारह प्रतिमा जो श्रावक सुनकर अच्छी तरह से समझकर धारण कर्ता हैं वह श्रावक एकेन्द्रिय – द्विन्द्रिय, त्रिन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय एवं पंचेन्द्रिय ये पांच पर्याप्ता एवं अपर्याप्ता मिलकर जीव के दश भेद हुए इनको पारकर ग्यारहवॉ नोइन्द्रिय नाम का जीवभेद यानि मोक्षरुपस्थान को प्राप्त करता हैं।

वे श्रावक की ग्यारह प्रतिमा –

१. दर्शन प्रतिमा २. व्रत प्रतिमा ३. सामायिक प्रतिमा ४. पौषध प्रतिमा ५. प्रतिभा प्रतिमा ६. ब्रह्मचर्य प्रतिमा ७. सचित्त त्याग प्रतिभा ८. आरंभवर्जन प्रतिमा ९. प्रेषण वर्जक प्रतिमा १०. उद्दिष्ट वर्जक प्रतिमा ११. श्रमणभूत प्रतिमा।

१. **दर्शन प्रतिमा** – यह प्रतिमा १ मास की समयावधि वाली हैं, दर्शन यानि सम्यग् दर्शन –

''या देवे देवता बुद्धिर्गुरौच गुरुतामतिः।
धर्मेच धर्मधीः शुद्धाः सम्यक्त्वमिदमुच्यते।।''

जो बुद्धि देव में देवत्व, गुरुमें गुरुत्व एवं धर्म में धर्मत्व ग्रहण करती हैं वही सम्यक्त्ववती हैं।

राग–रांवेग–निर्वेद–आस्तिक्य एवं अनुकम्पा इन पाँच गुणों से युक्त, शंका–आकांक्षा–विचिकित्सा–मिथ्यादृष्टि प्रसंशा–मिथ्यादृष्टि परिचय इन अतिचारों व शल्य से रहित ऐसे निर्दोष सम्यक्त्व का स्वीकार करना।

२. **व्रत प्रतिमा** – इस प्रतिमा में पूर्वोक्त दर्शन प्रतिमा का पालन तो हैं ही, यह दो मासावधि वाली हैं। इस में अणुव्रत – ५, गुणव्रत – ३, एवं शिक्षाव्रत – ४ कुल मिलाकर बारह व्रतों को निरतिचार एवं अपवादरहित धारण करना चाहिये।

३. **सामायिक प्रतिमा** – पूर्वोक्त दोनों प्रतिमा का पालन हैं ही। यह तीन मास तक वहन की जाती हैं। सामायिक का स्वरूप प्रवृत्ति एवं निवृत्ति रुप हैं। सावध पाप कारी योगों के वर्जन रुप निवृत्ति एवं निरवध निर्दोष योगों के सेवन में प्रवृत्ति। सामायिक के फल के सम्बन्ध में कहा गया हैं कि –

''दिवसे दिवसे लखे, देह सुवण्णस्सखंडियं एगो।
एगो पुण सामाइयं, करेइन पहुप्पह तस्स।''

एक मनुष्य प्रतिदिन लाख सोनैयें का दान करे एवं एक मनुष्य सामायिक करे, उस में दान दाता व्यक्ति सामायिक कर्ता के समान फल को पाने में समर्थ नहीं हो सकता, अर्थात् सामायिक का फल महत्तम हैं। इसलिए श्रावकों को सामायिक प्रतिमा वहन करनी चाहिये।

सामायिक की विधि ''आवश्यक बृहद्वृत्ति'' में इस तरह बताई हैं, ''त्रिविध साधुओं को नमस्कार करके सामायिक करे, हे भगवन्! मैं सामायिक करता हूँ, जहाँ तक साधुओं की पर्युपासना करूं वहाँ तक मुझे करण करावण रूप द्विविध से मनोवाक्कायारूप त्रियोग से पच्चक्खाण हैं।'' ऐसा कहकर इरियावहिया का प्रतिक्रमण करे। इस विधि ही का समर्थन पञ्चाशक वृत्ति, नवपद विवरण, यशोदेवसूरिजीकृत श्री पञ्चाशक चूर्णि, उपा. जयसोम रचित स्वोपज्ञ इर्यापथिका षट्त्रिंशिका विवरण इत्यादि ग्रन्थों में मिलता हैं।

४. **पौषध प्रतिमा** – पूर्वोक्त तीन प्रतिमा का पालन इस में भी करना हैं, यह प्रतिमा चारमास तक की हैं।

आठम, चौदस, पुर्णिमा, अमावस्यादि पर्वतिथियों में पौषध ग्रहण करना चाहिये। पौषध भी चार प्रकार के हैं – १. शरीर सत्कार के त्याग रुप पौषध, २. अब्रह्मचर्य के त्याग रुप पौषध, ३. व्यापार परिवर्जन रुप पौषध, ४. आहार त्यागरुप पौषध चारों ही प्रकार के पौषध का पालन कोई भी प्रकार की न्यूनता रहित, जैसा आगमों में कहा हैं, वैसा सम्यग् विधि पूर्वक करना चाहिये।

पौषध के विषय में एक मतान्तर भी प्रवर्तमान हैं – जैसे कि कोई कोई सुविहित

आचार्य कहतें है कि पौषध सिर्फ पर्वदिनों में ही आराध्य हैं, इसकी आराधना नित्य नहीं करनी चाहिये एवं कोई कोई आचार्य ऐसा भी कहतें है पर्वदिन का कर्तव्य तो हैं ही किन्तु प्रतिदिन भी कर सकतें हैं सत्य तथ्य ज्ञानी गम्य।

५. **प्रतिभा प्रतिमा** – पूर्व में कहीं गयी चार प्रतिमा का पालन इसमें भी करना हैं, यह ५ मास तक वहन की जाती हैं। प्रतिमाप्रतिमा में दो शब्द हैं – १. प्रतिमा एवं २. अप्रतिमा।

इस प्रतिमा को वहन करनेवाला स्थिर एवं सत्वसे अचल होना आवश्यक हैं। क्योंकि अस्थिर मनुष्य प्रतिमा का विराधक बनता हैं। इस प्रतिमा में रात्रि में चौटे में जाकर कायोत्सर्ग किये जाते हैं, उसमें उपसर्ग भी आने की पुर्ण सम्भावना हैं, इसमें कोई एक रात्रि प्रमाण तो कोई सर्वरात्रि कायोत्सर्ग में रहा करते हैं।

प्रतिमा यानि जब कायोत्सर्ग में लीन हो आराधक तब जिनेश्वर परमात्मा का निरंतर ध्यान करें, एवं परमात्मा दर्शन रहित जीव का चिंतन–मनन करे।

अप्रतिमा के समय में भी स्नान न करें, प्रकट प्रकाशमें दिन में ही अशनादिका भोजन करे, धोती न पहने, दिन में ब्रह्मचर्य का पालन करे, रात्रि के विषय में अगर प्रतिमा वहन यानि कायोत्सर्ग न किया हो तो स्त्री एवं भोग का परिमाण करे रात्रि भोजन का अवश्य त्याग करे।

६. **ब्रह्मचर्य प्रतिमा** – इस की वहनावधि ६ मास की हैं। पूर्वोक्त ५ प्रतिमा का पालन इस में भी हैं।

ब्रह्मचर्य के विषय में संबोध सप्ततिका ग्रन्थकार कहतें हैं – "मैथुन संज्ञा में आरूढ, प्राणी नौलाख सूक्ष्म जीवों का नाश करता हैं, यह तीर्थंकर भगवंतने बताया हैं।

पूर्वोक्त प्रतिमाओं में दिन में ही ब्रह्मचर्यपालन की बात थी, इस प्रतिमा से दिन एवं रात्रि के विषय में सर्वथा मैथुन का प्रतिषेध किया जाता हैं। इसलिए ही इस में चित्त विप्लव करनेवाली श्रृंगारकथा, कामकथा, स्त्रीकथा, भोजनकथा, देशकथा, राजकथा का भी निषेध प्रतिपादन किया गया हैं, इस प्रतिमा के वाहक को स्नान, विलेपन, धूपन विभूषा के उत्कर्ष को त्याग करना।

७. **सचित्त त्याग प्रतिमा** – सचित्ताहारवर्जन नाम की यह सौंतवीं प्रतिमा सात महिने तक वहन की जाती हैं। इस में भी पूर्वोक्त छः प्रतिमाओं का पालन करना हैं।

इस प्रतिमा में सचित अशन–पान–खादिम–स्वादिम का त्याग किया जाता हैं।

८. **आरम्भवर्जन प्रतिमा** – स्वयं ही आरंभ का त्याग करे ऐसा इस प्रतिमा का विधान हैं। आठमास तक यह प्रतिमा वहन कि जाती हैं। पूर्वोक्त ७ प्रतिमा की सबविधिभी पालन करनी हैं। पृथ्वी का उपमर्दनादि कार्य स्वयं करे नहीं, किन्तु आजिवीकादि के लिए आरंभ आवश्यक होवे तो तीव्र परिणाम रहित उपासक अन्यकार्यकर द्वारा सावध

व्यापार रुप आरंभ करवा सकता हैं।

९. **प्रेषणवर्जक प्रतिमा** – इसका नौमास का काल सिमित हैं। पूर्वोक्त सब प्रतिमा का पालन इस में अन्तर्गत ही समझना। आठवीं प्रतिमा में जो आरंभ अन्यकार्यकर द्वारा कराने की छुट थी, उसका यह प्रतिमा निषेध करती है।

१०. **उद्दिष्टवर्जक प्रतिमा** – अपने उद्देश से पकाया हुआ भोजन प्रतिमाधारी उपासक न करे। गृह विषयक सर्वकृत्यों के त्यागरुप यह प्रतिमा दशमास तक वहन की जाती हैं। पूर्वदर्शित नौ प्रतिमा का पालन तो इसमें भी करना हैं।

११. **श्रमणभूत प्रतिमा** – मुंडन या लोच कराके रजोहरण एवं पात्र के उपलक्षण से साधुके सर्व उपकरण को ग्रहण कर, साधु सम होने से घर से विहार करे, समाचारी के आचार का पालन करे, समितिगुप्तिका सुरुप पालन करे, भिक्षार्थे गृहस्थों के घरों में जाय, ''प्रतिमा प्रतिपन्न श्रमणोपासक की भीक्षा दीजिये।'' ऐसा कहें एवं मासकल्प आदि सब आचारों का पालन करें।

इस प्रतिमा का वाह्यकाल ११ मास तक का हैं। बाकी जघन्य से तो सब प्रतिमा अन्तर्मुहूर्तादि के काल प्रमाणवाली ही हैं।

इसमें भी पूर्वोक्त दश प्रतिमा का पालन आवश्यक रुप से कहा गया हैं।

ग्यारह प्रतिमा वहन करने के बाद जन कोई श्रमणोपाशक पुनः घर लौटना चाहे तो पात्र–रजोहरणादि सब उपकरण श्रमण भगवन्त को समर्पित कर आ सकता है।

••••• पृष्ठ ४० का शेष---------
अवधि में बच्चों को पशुओं के महत्व से सम्बन्धित ऐसे पाठ पढ़ाये जाने चाहिये जिनसे उनके मन में पशुओं के प्रति मानवीय दृष्टिकोण को बल मिले, कहानियों, नाटकों और महापुरुषों की जीवनियों पर आधारित कथाओं के माध्यम से एक कुशल अध्यापक ऐसी भावनाओं को सहज ही उत्प्रेरित कर सकता है। जो बच्चे पशुओं के प्रति अपने आचरण व व्यवहार में आशातीत रुचि दिखाते हैं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये पुरुस्कारों की व्यवस्था होनी चाहिये।

बच्चे तो स्वाभाविक तौर पर पशु पक्षियों से प्यार करते हैं। दुर्भाग्यवश उस प्यार को रचनात्मक रुप में व्यक्त करने के लिये उन्हें शिक्षित नहीं किया जाता है, और बड़े होते–होते उनके मन में जानवरों के प्रति वही भावना बैठ जाती है जो बड़ों के मन में होती है, और उनकी तरह वे भी यही सोचने लगते हैं कि सब जीव–जन्तुओं का सृजन मनुष्य के लाभ के लिये हुआ है और इसलिये उन्हें शोषित करने का अधिकार उसे प्राप्त है। मानवीय शिक्षा के माध्यम से बच्चों के मन में ऐसी अमानवीय प्रवृत्तियों के जन्म को रोका जा सकता है। मानवीय शिक्षा को यदि स्कूली शिक्षा का अभिन्न अंग स्वीकार कर लिया जाए तो युवा पीढ़ी के हृदयमय में ऐसी भावनाओं का संचार सम्भव है जिससे न केवल वे सब जीव जन्तुओं के प्रति प्यार बरतें, वरन् यह भी महसूस करें कि उनके प्रति व्यक्त किया जानेवाला प्रेम एक महान और अनोखा अनुभव है।

○ ◇ ○ ◇ ○

शब्दसागर इनामी स्पर्धा (१२)

संकलनकर्ती : साध्वीजी डॉ. प्रियदर्शनाश्रीजी
साध्वीजी डॉ. सुदर्शनाश्रीजी

प्रस्तुत स्पर्धा १२ का उत्तर अलग से फुलस्केप पेपर पर लिखकर पूर्णनाम पता एवं शाश्वत धर्म की सदस्य संख्या के साथ कार्यालय के पते पर १० अगस्त तक पहुंचाएं। प्रस्तुत स्पर्धा के उत्तर एवं परिणाम सितम्बर ९२ में प्रकाशित किये जाऐंगे।

(नोट :– एक सदस्य संख्या पर एक ही पृविष्ठी स्वीकृत की जाएगी। सदस्य संख्या के अभाव में प्रतियोगिता में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।)

पुरस्कार सौजन्य : पू. साध्वीजी श्री महाप्रभाश्रीजी म.सा. की प्रेरणा से जूना जोगापुरा (राज.) निवासी शा. चन्द्रभाणजी भीखाजी श्री श्रीमाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांतिबाई की ओर से ५०१/– पांच सौ एक रुपये का नगद पुरस्कार उत्तीर्ण प्रतियोगियों में समान रूप से वितरित किया जाएगा। **– सम्पादक**



बायें से दायीं ओर :

१. ... करने से जीव अधिकांशतः तिर्यञ्च योनि पाता है। (३)
३. प्रशंसा (प्राकृत में)। (३)
५. ... सूरिजी नवाङ्गी टीकाकार थे। (५)
९. ऋषभदेवजी ने अठ्ठयानवें पुत्रों को अंग–बंग... आदि देशों का राज्य देकर दीक्षा ली। (२)
१०. साधु-साध्वी भगवन्त... जीवों के रक्षक होते हैं। (३)
११. ... नाम कर्म उदय से व्यक्ति सभी का प्रियपात्र बनता है। (३)
१२. स्कन्दाचार्य के शिष्यों ने समभाव से... परिषह सहन किया था। (२)
१३. प्रत्येक वनस्पतिकाय के भेदों में से एक। (२)
१४. प्राचीन काल में साध्वियाँ... त्रिक ग्रन्थों का अध्ययन करती थीं। (२)
१६. मेतार्य मुनि के आहारार्थ पधारने पर सोनी सोने के... घड़ रहा था। (२)
१७. रामायण का एक पात्र। (३)
१८. नवपदों में से एक पद का वर्ण। (२)
१९. शल्य... है। (२)
२२. ... के पाँच सौ साठ भेद हैं। (३)
२४. ... का सिद्धान्त 'कडे माणे कडे' का है। (४)
२६. ज्ञान–ध्यान के लिए... वातावरण होना चाहिए। (३)
२८. वीर के शासन में तीर्थंकर नाम गोत्र कर्म अर्जित करनेवाली एक जीवात्मा। (३)
२९. ... करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान। (३)
३०. ... पक्षी मनुष्य लोक के बाहर होते हैं। (३)
३१. चंपा के राजा सिंहरथ के... श्रीपाल थे। (२)
३२. ... जाय तो जाय पर सारव नहीं जाना चाहिए। (२)
३६. मुनिवर श्रीपाल का परिचय देकर... मार्ग से प्रस्थान कर गए। (३)
३७. उत्सर्पिणी काल के एक चक्रवर्ती। (३)
३८. मुनि को पंखे की... नहीं कल्पती है। (२)
४०. शुभभाव से सुकृत में लगाई गई राशि पुण्य खाते में... होती है। (२)
४१. अतीतकाल के चौवीश तीर्थंकरों में से एक। (४)
४४. शरीर... प्रकार के होते हैं। (२)
४६. प्रत्येक वनस्पति काय है। (२)
४७. सोलह सतियों में से एक। (४)
४८. शत (प्राकृत में)। (२)
५०. वर्धमान कुमार की दीक्षा शिबिका। (४)
५१. साधु तो विचरता भला... न लागे कोय। (२)
५२. सुमतिनाथ प्रभु का ज्ञानतरू। (२)

ऊपर से नीचे की ओर :

१. भगवान् ने बाहुबली को पुरूष की बहत्तर... सिखाई। (२)
२. अधिकांशतः मंदिरों में शत्रुंजय, गिरनारजी आदि के... होते हैं।
३. परमात्मा के समक्ष... हुआ फल ही चढ़ाना चाहिए। (२)
४. श्रमण जीवन बड़ा... होता है। (४)
५. अरिहंत परमात्मा का एक विशेषण... दयाणं है। (३)
६. गौतम द्वारा पूछे गए छत्तीस हजार प्रश्न... सूत्र में हैं। (५)

७. कंस ने... के छह पुत्रों को मारा था। (३)
८. काल सौकरिक प्रतिदिन पाँच सौ पाड़ाओं का... करता था। (२)
१०. कुमारपाल राजा अपने पशुओं को... हुआ जल पिलाते थे। (२)
१३. ...कठोल द्रव्य है। अतः इसके साथ कच्चा दूध–दही व कच्ची छाछ नहीं खाया जाता है। (३)
१५. देव, नारकी व एकेन्द्रियजीव... नहीं करते हैं। (५)
१७. वर्तमान के तीर्थंकरों में से एक तीर्थंकर के पिता। (३)
१८. सोलह जिन का वर्ण... है। (२)
२०. साधु–सन्तों का हृदय... के समान कोमल होता है। (४)
२१. ... भव मुक्ति का मंगल द्वार है। (३)
२२. ... नाथ प्रभु के तेरह गणधर थे। (२)
२३. प्रियदर्शना नंदिवर्धन की... थी। (३)
२४. बारह राशियों में से एक। (३)
२५. ... परमात्मा अठ्ठारह दूषण से रहित होते हैं। (४)
२७. श्रीमद् राजेन्द्रसूरि गुरूदेव ने ई.सन् १८७९ में... में चातुर्मास किया था। (४)
२८. सेला नर्क में... रेत बहुत होती है। (२)
३०. अजीर्ण के समय भोजन... की तरह घातक होता है। (२)
३१. ... ने साठ हजार वर्ष तक आयम्बिल तप किया था। (३)
३३. किसी को ज्ञानार्जन में... पहुँचाने से ज्ञाना वरणीय कर्म बंधता है। (३)
३४. ... मुनि के सत्संग से श्रेणिक को सम्यक्त्व की प्राप्ति हुई। (३)
३५. 'मन्हाजिणाणं' सज्झाय में वर्णित श्रावक के छत्तीस कर्तव्यों में से एक। (४)
३७. अकबर बादशाह ने श्री हीरसूरीश्वरजी को जगद्गुरू का... दिया था। (३)
३९. ... पार्श्वकुमार की माता थी। (२)
४१. सौधर्मेन्द्र वर्धमानकुमार के क्रीड़ार्थ श्री... रख गए थे। (२)
४२. शत्रुंजय महातीर्थ पर... की टूंक है। (३)
४३. नवकार महामंत्र में नव... हैं। (२)
४४. अवग्रह... है। (२)
४५. जैनदर्शनानुसार ढाई द्वीप में एक सौ बत्तीस... है। (२)
४६. पुद्गल का एक लक्षण (प्राकृत में)। (२)
४७. में से द्वेष पैदा होता है। (२)
४९. अष्टांग योग का एक अंग। (२)

मानव

जितना खाता है उससे नहीं बल्कि जितना पचाता है, उससे बलवान बनता है।
जितना कमाता है उससे नहीं बल्कि जितना बचाता है, उससे धनवान बनता है।
जितना पढ़ता है उससे नहीं बल्कि जितना याद रखता है, उससे विद्वान बनता है।
जितना उपदेश देता है उससे नहीं बल्कि जितना आचरण करता है उससे धर्मवान बनता है।

समर्पण

— श्री नैनमल सुराणा

वह अपार लावण्यवती थी। उसकी सुकोमल देह में अलौकिक आकर्षण था। उसकी वाणी वीणा के स्वरों को लज्जित करती थी। उसके नेत्र मृगी के नेत्रों से होड़ लेते थे।

वह युवती थी। उस पर जिसकी दृष्टि पड़ती, वह उसे देखता ही रहता। उसके यौवन में चन्द्रमा की शीतल ज्योति, माधुर्य एवं काव्य प्रवाहित था। वह अपार धन-राशि की स्वामिनी थी। उसके पास ऐश्वर्य और विलास की समस्त साम्रगी उपलब्ध थी। नाम था उसका वासवदत्ता।

वह उस काल की ऐतिहासिक विश्व सुन्दरी थी। उस समय उसके समान सुन्दरी दूसरी नहीं थी, पर थी वह एक वैश्या। विश्व को विमोहित करने वाला सौन्दर्य प्रदान कर विधाता ने उसे वैश्या बनाकर मानो एक कसक उत्पन्न कर दी थी।

वसन्त का प्रातःकाल था। उपगुप्त नामक एक युवा भिक्षु वासवदत्ता के द्वार पर भिक्षा प्राप्ति के लिये रुका। अचानक वासदत्ता की दृष्टि युवा भिक्षु उपगुप्त पर पड़ते ही उसके हृदय में उसके लिये प्रेम उत्पन्न हो गया।

उपगुप्त के पास धन-दौलत तो नहीं था, पर उसके पास नेत्रों का अमृत, मन की स्थिरता एवं शान्ति की निद्रा थी। मन के विकारों एवं वासनाओं पर उसने विजय प्राप्त कर ली थी। पथ-भ्रष्ट करने वाले संसार के प्रलोभनों का उसे पूर्ण ज्ञान था, अतः उसके नेत्र सदा निर्विकारी रहते। उसके मुख-मण्डल पर एक दिव्य आभा थी। संसार को अपने रुप से मुग्ध करने वाली वासवदत्ता आज उस भिक्षु के सौन्दर्य पर मुग्ध हो गई।

'योगी! पात्र निकालो, मै उसमें आपना हृदय समर्पित कर दूं। वासव ने नम्रता पूर्वक प्रणय निवेदन किया।

'तुम्हारा तात्पर्य मै नहीं समझा, देवी! उपगुप्त ने सहजता से उत्तर दिया।

वासव बोली —'महाराज, आपकी यह सुकोमल देह धूल में मिलने और भिक्षा मांगने के लिये नहीं है। इस अनुपम सौन्दर्य का सृजन वन-वन भटकने और संसार से विरक्त रहने के लिये नहीं हुआ है। आप कृपा कर मेरे केलि-भवन में पधारिये। मैं विश्व-विजयिनी आपके चरणों की दासी बनकर आपकी सेवा करनी चाहती हूँ। मैं आपको अपने हृदय सिंहासन पर बिठा कर आपकी पूजा करूंगी। कृपया इस दासी की सेवा स्वीकार कर कृतार्थ करें।'

उपगुप्त ने शान्त चित्त हो उत्तर दिया - 'अभी वह शुभ घड़ी कुछ दूर है, तनिक प्रतिक्षा करो। उपयुक्त समय आने पर मैं सहर्ष उपस्थित होऊँगा,' कहता हुआ उपगुप्त चला गया।

वासवदत्ता देखती ही रह गई। वह स्तब्ध, खिन्न थी कि एक साधारण भिक्षु उसका

तिरस्कार कर चला गया। वह विमूढ़ सी खड़ी देखती रही। उसे ध्यान तक नहीं रहा कि वह कब से यहाँ खड़ी है और कब, कहाँ चला गया। पाषाण-प्रतिमा बनी वासव बहुत देर तक वहीं अडिग निश्चल खड़ी रही।

(२)

शरद-ऋतु के निर्मल गगन में चन्द्रमा की किरणें स्वच्छ चान्दनी छिटका रही थीं। नगर में घूम कर भिक्षा प्राप्त कर उपगुप्त अपने मठ की ओर अग्रसर हो रहा था। उस समय समीप ही बहती सरिता के तट पर किसी शिकारी के बाण से आहत एक सिंह अचेत पड़ा था। उपगुप्त का हृदय उस प्राणी के लिए द्रवित हो उठा। मरणोन्मुख सिंह के सीने में भयानक घाव था उपगुप्त सरिता के जल से उसका घाव धोकर साफ करने लगा।

उसने देखा कि सरिता में एक सुन्दर नौका तैरती हुई तट की ओर जा रही है। नौका के मधुर संगीत की मादक ध्वनि प्रसारित हो रही है। शरद-ऋतु की निर्मल-धवल चान्दनी, वन प्रदेश की नैसर्गिक मनोहरता, सरिता का रमणीय वातावरण एवं संगीत कि अमृत वृष्टि कुछ भी उपगुप्त को सम्मोहित, आकर्षित नहीं कर पा रहे थे। वह उस बेसुध सिंह का घाव धोने में निमग्न था।

नौका तट पर पहुँच गयी। उपगुप्त की दृष्टि सहसा उस ओर गई और नौका में से उसने वासवदत्ता को उतरते हुए देखा। वासवदत्ता ने निकट आकर जब उपगुप्त को यह विचित्र कार्य करते देखा तो वह बोल उठी, महाराज! यह आप क्या कर रहे हैं? क्या आप नहीं जानते की चेतना में आने पर यह हिंसक पशु अपने प्राण-रक्षक एवं जीवन-दाता को ही खा जायेगा।

'जानता हूं, पर मनुष्य के भावुक हृदय को जला कर राख करने वाले रूप और सौन्दर्य से यह सिंह अधिक भयानक नहीं है।'

उपगुप्त के शब्दों की ओर ध्यान दिये बिना ही प्रेमातुर वासवदत्ता ने कहा, 'महाराज! मैं भी आहत हूं। उस घायल सिंह को जीवन-दान देने से पूर्व आप मुझे जीवन-दान दीजिये।'

'देवी! अभी वह समय, वह घड़ी नहीं आई, आने पर मैं स्वयं उपस्थित हो जाऊँगा', उपगुप्त ने शुद्ध भाव से कहा।

घोर अन्धेरी रात्रि का प्रथम प्रहर। वासवदत्ता के हृदय में धन की प्रबल लालसा जाग्रत हुई। उसका धनवान प्रेमी मदिरा के नशे में अचेत पड़ा था। वासव ने कटार उठाई। उसने मदिरा के नशे में अचेत पड़े अपने प्रेमी की ओर देखा, एकाएक उसके हाथ में से कटार गिर गई। अपने सामने टंगे दर्पण में वासव ने अपना मुख देखा, लोभ की उद्दाम लालसा उसको अपने सीने में दहकती दिखाई दी और उसने तत्क्षण अपनी कटार प्रेमी के सीने के पार कर दी। वासव ने धन के लोभ में अपने प्रेमी की हत्या कर दी।

वासव पकड़ी गई, उसका अपराध अक्षम्य था। न्यायधिकारी ने उसे फांसी की सजा देने के बदले उसके कान-नाक कटवा दिये, सम्पूर्ण विश्व को ललकारने वाले उसके मृग-नैन निकलवा दिये और कमल-नाल के समान उसके सुकोमल हाथ भी कटवा कर फैंक दिये।

रूपवती वासवदत्ता विभत्स हो गई। जन-जन को लुभाने वाला उसका रूप-लावण्य सदा-सदा के लिये विलीन हो गया। जो लोग उसका सहवास पाने के लिये तरसते थे, उनको उसे देखने से भी घृणा हो गई। उसके विनाश के समाचार उपगुप्त के कानों में भी पहुंचे। समाचार सुन कर वह चुपचाप अपने मठ से वासवदत्ता के पास पहुंचा।

वासव ने प्रश्न किया—"कौन?"

'मैं उपगुप्त हूं, आज उपयुक्त समय है, में आ गया हूं, उत्तर मिला ।

दीर्घ निःश्वास खींचती हुई वासव बोली, अब आने की क्या आवश्यकता थी? जब मेरी देह-लता वासंती सौरभ से सुवासित थी, मेरे रूप का चांद अमृत वृष्टि कर रहा था, तब आप क्यों नहीं आये? मैंने आपकी कितनी प्रतिक्षा की? आपके लिये मैं कितनी बेचैन हुई? पर आप नहीं आये। अब बहुत विलम्ब से आये हैं।'

'नहीं वासव?' उपगुप्त ने कहा—'तेरे निकट आने का मेरे लिये यही उपयुक्त समय है। जब तेरे सौन्दर्य, सुख और वैभव की पराकाष्ठा का समय था, तब तुझे मेरी आवश्यकता नहीं थी, पर आज तेरा लावण्य विनष्ट हो चुका है, तेरे चाहने वाले पतंगे सब तुझ से दूर जा चुके हैं, हर कोई तुझे त्याग चुका है, तब.....।

उपगुप्त तनिक रुका। पुनः बोला—'बहिन! शारीरिक रूप से आत्मिक रूप का बोध प्राप्त न किया जा सके तो फिर पतन के अतिरिक्त क्या परिणाम होगा? तुमने अपने सौन्दर्य की ज्योति से अपनी आत्मा को ज्योतिर्मय बनाने के बदले उसे भस्म कर डाला। तू विश्व-सुन्दरी न होकर वास्तव में विष-सुन्दरी, विषय-वासना की भट्टी बन गई थी। काम, लोभ आदि विषयों ने ही तेरा सर्वनाश किया है, कर्म की विडम्बना! बहन वासवदत्ता! उठो, जागो, अपने को देखो। सत्य कहा जाय तो मेरे लिये तेरे पास आने का समय आज ही हुआ है। अब मैं तुझे छोड़कर अन्य कहीं नहीं जाऊंगा। मैं तेरी भरपूर सेवा करूंगा, तुझे सहारा दूंगा।'

वासवदत्ता की सात्विक वृत्तिया जागृत हो गईं। उसने उठ कर उपगुप्त के चरणों में शीश झुकाया और उपगुप्त ने अपना वरद हस्त उसके सिर पर रखा। एक ध्वनि आई—

'बुद्धं शरणं गच्छामि।'

रुकिये ! पढ़िये !! सोचिये !!!

☛ राष्ट्र केवल पहाड़ों, नदियों, खेतों, भवनों और कारखानों से नहीं बनता, यह बनता है उसमें रहनेवाले लोगों के उच्च चारित्र से। हम केवल राष्ट्रीयता के खाने (कॉलम) में भारतीय लिखने तक ही न जीयें, बल्कि एक महान् राष्ट्रीयता (सुपर नेशनलिटी) यानि चारित्रयुक्त राष्ट्रीयता के प्रतीक बनकर जीयें।

☛ दुनियॉ में सिगरेट के विज्ञापनों पर ही होनेवाला खर्च विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्वास्थ्य बजट से भी ज्यादा है।

☛ आई. पी. सी. सी. रिपोर्ट के अनुसार हमारी करतूतों के कारण हर साल वातावरण में ३८० करोड़ टन कार्बन डाइ–आक्साइड घुलती है।

☛ एक सामाजिक संस्था द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार बम्बई के जुनियर कॉलेजों के छात्रों में नशेड़ियों का औसत प्रतिशत २० से ३५ के बीच है। डिग्री कॉलेजों में यही बढकर ५० से ७० फीसदी हो जाता है।

☛ एक अनुमान के अनुसार भारत सहित दुनियॉ के १०० से अधिक देशों में नए मरूस्थल पनप रहे हैं और पुराने मरूस्थल अपना आकार बढ़ाते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रपट के अनुसार तो दुनिया के शुष्क और अर्धशुष्क क्षेत्रों की ८० प्रतिशत उपजाऊ भूमि पर मरूस्थलीकरण की काली छाया मंडरा रही है।

☛ डी.डी.टी. एक ऐसा रसायन है जिसे मिट्टी के लिये ही नहीं, संपूर्ण पर्यावरण के लिए खतरे की घंटी कहा गया है। दुःखद पहलू यह है कि पश्चिमी देशों में घातक समझी जानेवाली डी.डी.टी. हमारे देश में धड़ल्ले से प्रयोग की जाती है। इन रसायनों की विषाक्तता के कारण मिट्टी में मौजूद उपयोगी जीव मर जाते हैं।

☛ एक सर्वेक्षण के अनुसार कुछ वर्षों के भीतर देश में नशा करने वालों में महिलाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। शायद ही अब कोई ऐसा नशीला पदार्थ बचा हो जिसका महिलाएं सेवन न करती हो।

☛ दुनियॉ में हर वर्ष लगभग ८५ अरब डालर धूम्रपान पर ही खर्च होता है।

☛ अकेले भारत में नशीले पदार्थों पर निषेध हो जाये तो उसकी क्रय शक्ति १४० करोड़ रूपये बढ जाती है।

☛ मनुष्य के शरीर में ४०० ग्राम मैग्नीशियम की मात्रा न्यूनतम आवश्यक होती है। इधर सोडियम

फास्फेट और नाइट्रोजन उर्वरकों के इस्तेमाल से शरीर में मैग्नेशियम की मात्रा कम हो गयी है। प्राकृतिक खाद के उपयोग से वह मात्रा सही प्रमाण में बनी रहती थी।

☛ वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार एक वृक्ष द्वारा उससे उत्पन्न होनेवाली ऑक्सीजन की किमत से तुलना की जाये तो लगभग २० लाख रूपये होती है।

☛ अमेरीका के नोर्थ केरोलिन युनिवर्सिटी की 'स्कूल ऑफ मेडिसीन टांबेको इंस्टीट्यूट' के अनुसार बचपन में जो बालक च्युइंगम बहुत खाते हैं, उनके बड़े होने पर सिगारेट के व्यसनी बन जाने की संभावना बढ़ जाती है।

☛ वैज्ञानिकों ने जो शीघ्र पकनेवाली बौनी फसलें विकसित की हैं, उन्हें सिंचाई की जरूरत परम्परागत बीजों के मुकाबलें दो–तीन गुनी ज्यादा होती है जिसमें भूमि के नीचे के जल का निरंतर दोहन हो रहा है। भूजल का यह दोहन पृथ्वी के नीचे के पर्यावरण में कितना असंतुलन पैदा कर रहा है, यह भी एक सोचने का विषय है।

☛ बौनी फसलों के कारण भूसे तथा चारे की कमी हो गई है, जो पशु धन को प्रभावित कर रही है। भूसा तथा चारे की इस कमी के कारण पशुओं की संख्या निरंतर कम होती जा रही है। पशुओं की कमी से भी पर्यावरण में भारी असंतुलन पैदा हो रहा है।

☛ आज विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी एजेंसियॉ पर्यावरण के बारे में सबसे ज्यादा शोर–शराबा कर रही हैं तथा पर्यावरण के नाम पर धन भी खूब खर्च किया जा रहा है। मगर उस धन का कोई अंश इस अध्ययन पर खर्च नहीं किया जा रहा कि बौनी व शीघ्र पकनेवाली फसलें तथा खरपतवार नाशक जैसी जहरीली दवाएँ पर्यावरण को कितना बिगाड़ रही हैं। इसका कारण यह है कि पर्यावरण का शोर मचानेवाली विदेशी एजेंसियॉ ही बौनी फसलों तथा खरपतवार नाशकों की जनक है अतः वे इस बारे में कुछ कहकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी क्यों मारेंगी ?

☛ एफ.ओ.ए. (फूड एन्ड एग्रीकल्चरल ऑर्गेनाइजेशन) के अनुसार कीटनाशी दवाओं के कारण आरंभ में जिन कीटों की संख्या सिर्फ ६५ थी अब बढ़कर ३६४ हो गयी है।

— प्रवासी

ज्ञान... दर्शन... चारित्र

आत्म स्वरुप को जानना सम्यग्ज्ञान है।

आत्म स्वरूप की प्रतीती होना सम्यग्दर्शन है।

आत्म स्वरूप में संयम एवं तप द्वारा स्थिरता होना सम्यग्चारित्र है।

मानवीय शिक्षा – क्यों और कैसे

– श्री पन्नालाल मुन्धड़ा

विश्व के सभी धर्मावलम्बियों तथा महापुरुषों ने पशु पक्षियों के प्रति करुणा भाव रखने का संदेश दिया है। हमारे वेद पुराण उपनिषदों एवं गीता में भी जैव्य – एकता अर्थात् सम्पूर्ण सृष्टि में उस एक ही ब्रह्म शक्ति का प्रकाश अर्थात् प्राण व्याप्त है का सन्देश मिलता है। भगवान महावीर ने कहा, 'सभी जीवों का अपने समान समझो, किसी को भी कष्ट न दो।' भगवान बुद्ध ने मानव जाति को अहिंसा का सन्देश देते हुये कहा, 'जिस प्रकार कोई मां अपने इकलौते बच्चे को प्यार करती है, उसी प्रकार तुम प्रत्येक जीव के साथ बर्ताव करो।'

कितने आदर्श हैं ये विचार। कितनी महान है यह फ़िलासफ़ी। परन्तु खेद है कि मनुष्य महापुरुषों द्वारा प्रतिपादित इन मूल सिद्धान्तों को त्यागकर ऐसी जीवनशैली अपना रहा है जहां कि हिंसा का ही बोलबाला है और जहां अन्य जीव जन्तुओं की पीड़ा के प्रति रत्तीभर भी संवेदनशीलता नहीं है।

सभ्यता का जिसे हम 'विकास' कहते हैं उसके साथ – साथ हमारी मनुष्यता समाप्त सी होती हुई प्रतीत हो रही है। आज से हजारों वर्ष पूर्व युनान देश के एक महान दार्शनिक – वैज्ञानिक पायथागोरस ने जिस अकादमी की स्थापना की थी उसका आधार था पशुओं के प्रति प्रेम–भाव। किसी भी विद्यार्थी को जो मांसाहार करता हो इस अकादमी में दाखिला नहीं मिलता था क्योंकि पायथागोरस का यह अटल विश्वास था कि जब तक हममें पशुओं के प्रति करुणा की भावना नहीं है और जब तक, हम मांसाहार करते हैं हमारे मस्तिष्क का विकास असभ्भव है।

सैकड़ों बर्ष पहले मगध देश के पराक्रमी राजा सम्राट अशोक ने कलिंग–युद्ध में जब भीषण नरसंहार की लीला देखी तो उनका हृदय परिवर्तन हुआ। उन्होंने अहिंसा को अपना धर्म बनाया और न केवल मनुष्य मात्र के प्रति बल्कि पशुपक्षियों के कल्याण हेतु जीवन समर्पित करने का प्रण लिया। कितने विमुख हो चुके हैं हम अपने पूर्वजों द्वारा दिखाये गये पथ से। क्या यही है हमारी सभ्यता का 'विकास'।

आज हम अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों का बख़ान करते नहीं थकते। हम अपनी आर्थिक और औद्योगिक उन्नति का गुणगान करते नहीं थकते। हम अपनी नयी शिक्षा नीति का ढ़िंढोरा पीटते हैं और हमें गर्व है अपनी बुलन्द लोकतान्त्रिक संस्थाओं पर। संसार के किसी देश में जब कहीं मानवाधिकारों के हनन का विषय प्रकाश में आता है तो हम 'हाय–हाय' चिल्लाकर उसकी भर्त्सना करते नहीं थकते। परन्तु क्या कभी हमने जीवजन्तुओं के अधिकारों के बारे में भी विचारा है जिनका कि निरापद हनन विश्व के प्रत्येक देश के प्रत्येक कोने में निरन्तर होता रहता है। क्या कभी हमने

पशुओं के प्रति अपने कर्तव्यों व दायित्वों के बारे में सोचा हैं।

पशुओं पर किये गये प्रत्येक अत्याचार का परिणाम मनुष्य की वर्तमान मानसिक विपदा में दृष्टिगोचर होता है। यह एक मौलिक सत्य है कि जब तक मनुष्य पशुओं के प्रति भ्रात्रीवत व्यवहार करना नहीं सीखता उसका कल्याण असम्भव है। जब तक विश्व में पशुओं का अन्धाधुंध कत्ल–ए–आम जारी रहेगा, मनुष्य जाति युद्ध, अशान्ति और महामारी के दुष्चक्र से बच नहीं सकती। अतः हमारी बुद्धिमता इसी में है कि हम इस महासत्य को स्वीकारें और विनाश के कगार पर खड़ी अपनी सृष्टि को संवारें।

एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है – हम किस प्रकार की धरोहर अपनी आनेवाली पीढ़ी के लिये छोड़ जायेंगे। क्या हमारा दायित्व नहीं बनता कि हम अपने नन्हें–मुन्हें बच्चों में प्रारम्भ से ही सभी पशु–पक्षियों के प्रति करूणा की भावना का विकास करें उन्हें ये अनुभव होनें दें कि वास्तव में जीवजन्तु कल्याण में ही मनुष्य का निजी कल्याण निहित है।

